
महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

16 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड


**सुविचार**

वाणी पर हमारा नियंत्रण होना चाहिये क्योंकि हमारी एक छोटी-सी टिप्पणी भी किसी का मान सम्मान नष्ट कर सकती है।


वर्ष : 16 अंक : 238 | उज्जैन, शनिवार 7 फरवरी 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए


## दाल उद्योग और कृषि प्रोसेसिंग को मिलेगा नया विस्तार – निजी क्षेत्र में अनाज मंडी व फूड पार्क स्थापित करने वाले निवेशकों को दी जाएगी पूरी मदद- मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर में तीन दिवसीय ग्रीन एक्स प्रदर्शनी का किया शुभारंभ



**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और दाल उत्पादन के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प लिया गया है। प्रदेश सरकार किसान, उद्योग और व्यापार तीनों को साथ लेकर विकास का नया मॉडल तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में अनाज मंडी और फूड पार्क स्थापित किए जाए इसके लिए राज?य शासन द्वारा पूरी मदद दी जाएगी। निजी क्षेत्र में अनाज मंडी और फूड पार्क स्थापित करने के लिए उन्होंने निवेशकों का आह्वान भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज यहाँ ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ग्रीन एक्स प्रदर्शनी के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री रमेश मेंदोला तथा श्री गोलू शुक्ला, पूर्व महापौर श्री कृष्णमुरारी मोघे, श्री सुमित मिश्रा, श्री गौरव रणदीवे, ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री सुरेश अग्रवाल, सम्भागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा और नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल भी मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के योगदान का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि मुगल काल में जब देश के देवस्थानों पर आक्रमण हो रहे थे, तब लोकमाता अहिल्याबाई ने संकल्प शक्ति से देशभर में मंदिरों का निर्माण और जीर्णोद्धार कराया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दाल भारतीय भोजन का अभिन्न हिस्सा है और शाकाहारी समाज के लिए यह प्रोटीन का सबसे बड़ा स्रोत है। उन्होंने कहा कि दुनिया में दाल उत्पादन और उपभोग दोनों में भारत अग्रणी है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में गरीब, महिला, युवा और अन्नदाता किसान इन चार वर्गों को सशक्त करने के लक्ष्य पर कार्य किया जा रहा है। इसी दिशा में मध्यप्रदेश सरकार ने किसानों और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए 5 साल का रोडमैप तैयार किया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश देश का फूड बास्केट बन चुका है। खाद्यान्न उत्पादन में प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है। गेहूं, चना, मसूर, सोयाबीन और तिलहन उत्पादन में प्रदेश अग्रणी है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने तुअर पर टैक्स हटाया है तथा उड़द और मसूर उत्पादन बढ़ाने के लिए योजना बनाई जा रही है। प्रोसेसिंग उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक मशीनरी और उद्योग स्थापना में हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

3मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब निजी क्षेत्र को भी कृषि व्यापार और प्रोसेसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में आगे आने का अवसर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि उद्योगपति निजी स्तर पर अनाज मंडी या फूड पार्क स्थापित करना चाहते हैं, तो सरकार उन्हें वही सभी सुविधाएं देगी जो सरकारी फूड पार्क में दी जाती हैं। उन्होंने उद्योग जगत से कहा कि वे अपनी क्षमता और संसाधनों के आधार पर प्रदेश में निजी फूड पार्क, प्रोसेसिंग यूनिट और अनाज मंडी स्थापित करें, जिससे किसानों को बेहतर बाजार, बेहतर मूल्य और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने बताया कि उद्योग स्थापना के लिए भूमि, बिजली, पानी, टैक्स में रियायत और श्रम आधारित उद्योगों के लिए प्रति श्रमिक 5000 रुपये प्रतिमाह तक सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इंदौर-मनमाड़ रेल परियोजना, एयर कार्गो और बेहतर रोड-रेल कनेक्टिविटी से कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही जिले-जिले में कृषि आधारित उद्योग और फूड पार्क विकसित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों से अपील की कि वे मध्यप्रदेश में निवेश कर रोजगार सृजन में भागीदारी करें और किसान आय बढ़ाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य निरंतर जारी है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण संकल्प लिया गया है कि प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए। आज यह गर्व का विषय है कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में ऐतिहासिक निवेश प्रदेश में आया है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं और मध्यप्रदेश ने वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान मजबूत की है। हमारा दूसरा संकल्प देश की उस मूल भावना से जुड़ा है कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। इसी सोच के साथ अन्नदाता किसानों, गरीबों, युवाओं और समाज के सबसे पीछे खड़े अंतिम व्यक्ति के समग्र विकास का लक्ष्य रखा गया है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के इसी संकल्प को मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी आगे बढ़ा रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### खेत में खाल बनाने को लेकर दो गुटों में खूनी झड़प, दो लोगों की हत्या; पंजाब के मुक्तसर में दहशत का माहौल



**दोदा/ जीएनएस।** गिद्दड़बाहा के गांव कोटभाई के कोठे दशमेश नगर में खाल बनाने को लेकर चल रहा पुराना विवाद उस समय खूनी रूप में बदल गया, जब दो गुटों के बीच हुई झड़प के दौरान दो व्यक्तियों की हत्या कर दी गई। घटना शुक्रवार देर शाम करीब आठ बजे की है। जिसके बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान बलजीत सिंह और निर्मल सिंह के रूप में हुई है। दोनों को गंभीर हालत में गिद्दड़बाहा के एक निजी अस्पताल ले जाया गया था, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि जमीन में पक्का खाल बनाने को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। पहले से ही घरों के सामने एक पक्का खाल मौजूद था, लेकिन उसी स्थान पर नई खाल बनाने की कोशिश का एक पक्ष द्वारा विरोध किया जा रहा था।इसी विरोध के दौरान दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया और बात खूनी झड़प तक पहुंच गई, जिसमें दो व्यक्तियों की जान चली गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। डीएसपी गिद्दड़बाहा अरुण मुंडन ने बताया कि खाल के विवाद को लेकर दो गुटों के बीच हुई खूनी झड़प में दो व्यक्तियों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि मौत किन हथियारों से हुई है, इसकी जांच की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### इंडो-नेपाल रोड प्रोजेक्टः करोड़ों की लागत, 219 किसानों की जमीन



**पूरनपुर/ जीएनएस।** भारत-नेपाल सीमा पर बनाई जा रही सड़क अब पुराने एलाइनमेंट के तहत बनाई जाएगी। इसकी डीपीआर तैयार कर ली गई है, जो इसी माह लखनऊ भेजे जाने की तैयारी है। नए एलाइनमेंट की भेजी गई डीपीआर में एसएसबी अधिकारियों की तरफ से सहमति नहीं बन सकी। अब पुराने एलाइनमेंट पर ही निर्माण होगा। नेपाल सीमा पर सामरिक और सुरक्षा की दृष्टि से सड़क का निर्माण करने के लिए इंडो नेपाल मार्ग परियोजना को वर्ष 2010 में भारत सरकार की तरफ से मंजूरी दी गई थी। इस सड़क का निर्माण सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, श्रावस्ती, बलरामपुर, बहराइच, लखीमपुर खीरी होते हुए पीलीभीत तक सात जिलों में होगा। पीलीभीत जिले के उत्तराखंड सीमा से सटे गांव सुंदरनगर से हजारा थाना क्षेत्र से सटे जिला लखीमपुर खीरी के संपूर्णानगर क्षेत्र की शारदापुरी एसएसबी चौकी तक 39.9 किमी. लंबी सड़क बनाई जानी है। वर्ष 2014 में पहले चरण में शारदापुरी से 2.8 किमी सड़क 12 करोड़ की लागत से वर्ष 2017 में निर्माण कर राज्य सरकार को हैंडओवर कर दिया गया। सुंदरनगर तक 37.1 किमी. मार्ग का अधिकांश भाग टाइगर रिजर्व और वन क्षेत्र के अधीन आता है। कई बार विभाग की तरफ से पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) और वन क्षेत्र में सड़क का निर्माण करने के लिए अनुमति के प्रयास किए गए, लेकिन अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं मिल सका। हालांकि जंगल में वन्यजीवों के आवागमन प्रभावित किए बिना सड़क की चौड़ाई, फ्लाई ओवर बनाने, पेड़ों को काटने आदि को लेकर संशोधित सड़क की डीपीआर भी बनाई गई थी। वर्ष 2018 से पीलीभीत जिले में सड़क निर्माण कार्य रुका हुआ है। पिछले वर्ष नोमेंस लैंड के किनारे सड़क का निर्माण किए जाने को लेकर एलाइनमेंट हुआ था। करीब 219 किसानों की भूमि चिह्नित की गई। 170 किसानों की भूमि का अधिग्रहण भी कर लिया गया। डीपीआर अधिकारियों को भेजी गई, जिसपर सहमति बन गई। लेकिन बाद में कुछ कारणों से रोक दी गई। अब पुराने एलाइनमेंट पर सड़क का निर्माण किए जाने को लेकर डीपीआर तैयार की गई है। जल्द ही उसे संबंधित विभाग के मुख्यालय को भेजा जाएगा। वहां से गृह मंत्रालय को डीपीआर जाएगी। हालांकि जल्द कार्य शुरू होने की संभावना नहीं है। पिछले वर्ष मार्च में नोमेंस लैंड के किनारे से सड़क का निर्माण करने के लिए एलाइनमेंट हुआ था। उसी के तहत डीपीआर बनाकर भेजी गई थी। जिसपर एसएसबी की तरफ से सहमति नहीं बन सकी। अब पुराने एलाइनमेंट के तहत डीपीआर तैयार की गई है। इसी माह राज्य मुख्यालय को भेजी जाएगी।

## अपमानजनक टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट का सख्त रुख, अधिवक्ता मुकुट नाथ वर्मा को 23 फरवरी को पेश होने का दिया निर्देश



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया कि उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी करने वाले अधिवक्ता मुकुट नाथ वर्मा को 23 फरवरी को अदालत में पेश किया जाए।

अदालत ने इसके लिए कानूनी दंडात्मक उपाय भी करने को कहा है। वर्मा पर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) चुनाव समिति के सदस्यों के खिलाफ भी अभद्र टिप्पणी करने का आरोप है। एससीबीए के अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह तथा वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया, जो चुनाव समिति के प्रमुख भी हैं, ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची की पीठ को बताया कि दिल्ली पुलिस पहले जारी किए गए जमानती वारंटों की तामील करने में असफल रही है और वकील का पता नहीं लगा सकी। न्यायालय एससीबीए में सुधारों से जुड़ी वर्ष 2023 की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। इसी दौरान अदालत ने पहले वर्मा द्वारा तिलक मार्ग थाने में चुनाव समिति के सदस्यों के खिलाफ की गई शिकायत को नदनीय और तुच्छ बताते हुए कड़ा संज्ञान लिया था।

पीठ ने वर्मा को 29 मई 2025 को भी अदालत में उपस्थित रहने का निर्देश दिया था और चेतावनी दी थी कि अनुपस्थित रहने पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। हालांकि वह ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित हुए थे, लेकिन अदालत ने उनकी भौतिक उपस्थिति पर जोर दिया था।

बाद में अदालत ने उनके खिलाफ जमानती वारंट जारी किए, लेकिन पुलिस उन्हें तलाशने में असफल रही और वारंट बैरंग लौट आए। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने एससीबीए की सचिव प्रज्ञा बघेल को निर्देश दिया कि बार एसोसिएशन, सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एलएन राव और विजय हंसारिया के सुझावों को सारणीबद्ध रूप में संकलित किया जाए, ताकि आवश्यक निर्देश जारी किए जा सकें।

## बाथरूम क्लीनर के केमिकल वाला घी... तिरुपति लड्डू विवाद में चंद्रबाबू नायडू का बड़ा दावा



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने दावा किया कि तिरुपति लड्डू बाथरूम की सफाई के लिए इस्तेमाल होने वाले रसायनों से बने घी से तैयार किया गया था, जो पूर्ववर्ती वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) सरकार के कार्यकाल के दौरान हुआ।

उन्होंने वाईएसआरसीपी पर प्रसाद (अर्पण) को मिलावट करके श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर की पवित्रता को धूमिल करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को कहा, पिछले पांच वर्षों में, उन्होंने (वाईएसआर) रसायनों से बने घी से प्रसाद तैयार किया।

नायडू ने तिरुपति लड्डू में मिलावटी घी का दावा किया- यह घी बाथरूम की सफाई के लिए इस्तेमाल होने वाले रसायनों से बनाया गया था। नायडू ने कर्नूल जिले के येम्मिगानुर में किसानों के बीच, आपकी भूमि-आपका अधिकार, पट्टेदार पासबुक वितरण के अवसर पर एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया।

## सहमति की उम्र 18 से कम नहीं करेगी सरकार, बच्चों की सुरक्षा को हो सकता है खतरा



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** केंद्र सरकार पोक्सो कानून में यौन संबंध बनाने के लिए सहमति के उम्र 18 वर्ष से कम करने की पक्षधर नहीं है। केंद्र सरकार का कहना है कि सहमति की उम्र में किसी भी प्रकार की ढील या अपवादों का समावेश बाल सुरक्षा को कमजोर करेगा, शोषण के जोखिम को बढ़ाएगा और बच्चों विशेषकर किशोरियों की सुरक्षा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को कमजोर करेगा।

ये बात केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शुक्रवार को लोकसभा में दिए एक लिखित जवाब में कही। महिला बाल विकास मंत्री से लोकसभा सदस्य सुब्बारायमण के. और सेल्वाराज वी. ने सवाल किया था जिसमें सुप्रीम कोर्ट द्वारा पोक्सो कानून के बार-बार दुरुपयोग पर चिंता जताते हुए किशोर वय के वास्तविक संबंधों के मामले में रोमियो जूलिएट क्लाज पर विचार करने और पोक्सो कानून के कठोर प्रविधानों से छूट देने के सुझाव का जिक्र करते हुए इस बारे में स्थिति और ब्योरा पूछा था।

इसके जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने लिखित जवाब में कहा है कि पोक्सो अधिनियम में सहमति शब्द को स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं किया गया है और वैधानिक ढांचे के तहत 18 वर्ष से कम आयु के किसी भी व्यक्ति के साथ यौन संबंध बनाना अपराध माना जाता है, चाहें सहमति दी गई हो या नहीं।

## कनाडा में पढ़ाई कर रहे 17 भारतीयों की हिंसक हमलों में मौत, सरकार ने लोकसभा में दी जानकारी



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** कनाडा में पढ़ाई कर रहे 17 भारतीयों की 2018-2025 के बीच हिंसक हमलों के कारण मौत हो गई। विदेश में मारे गए भारतीय छात्रों की संख्या कनाडा में सर्वाधिक है। इसके बाद दूसरे नंबर पर अमेरिका आता है।

AIMIM के सदस्य असदुद्दीन ओवैसी के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने विभिन्न देशों में भारतीय छात्रों की मौत के आंकड़ों को देशवार तालिका के रूप में प्रस्तुत किया।

आंकड़ों के अनुसार, 2018-2025 के दौरान हिंसक हमलों के कारण विभिन्न विदेशी विश्वविद्यालयों में पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों की कुल संख्या इस प्रकार है- कनाडा (17), अमेरिका (9), आस्ट्रेलिया (3), ब्रिटेन (1), चीन (1), डेनमार्क (1), जर्मनी (1), ग्रेनेडा (1) और किर्गिजस्तान (2)। ओवैसी ने विदेश मंत्रालय से पूछा कि क्या सरकार विदेश में भारतीय छात्रों के खिलाफ बढ़ते हिंसक घटनाओं के बारे में जानती है और क्या इस संबंध में कोई समय पर जांच की गई है।

## अवैध खदान विस्फोट में मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 25; असम सरकार ने किया मुआवजे का एलान



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** मेघालय के पूर्व जयंतिया हिल्स जिले के थांगस्कू इलाके में अवैध खदान विस्फोट में मृतकों की संख्या 25 हो गई है।

गुरुवार, 5 फरवरी को इस विस्फोट के बाद 18 शव बरामद किए गए थे। इस धमाके में आठ लोग घायल हुए हैं। घायलों में चार नेपाल के हैं। दो घायल असम के हैं और एक स्थानीय व्यक्ति है। उनका शिलांग के अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

मृतकों की संख्या हुई 25- पुलिस महानिदेशक आइ नोंगरंग ने बताया कि शुक्रवार, 6 फरवरी को सात और शव बरामद हुए हैं, जिससे कुल मृतकों की संख्या 25 हो गई है। 12 शवों की पहचान की गई है। खोज और बचाव अभियान जारी है। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि इस मामले में मेघालय पुलिस ने दो गिरफ्तारियों के साथ ही एक अन्य व्यक्ति की पहचान की है।

पांच-पांच लाख रुपये मुआवजा- मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने कहा है कि सरकार इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। इस बीच असम सरकार ने इस विस्फोट में जान गंवाने वाले राज्य के तीन मजदूरों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

एएनआइ के अनुसार इस त्रासदी को लकर केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने मेघालय सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी।

## भारतीय किसानों के हितों की सुरक्षा कर रही सरकार, अमेरिका के साथ ट्रेड डील से कृषि, डेयरी और एथनॉल को रखा बाहर



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड की तरह ही अमेरिका से होने जा रहे द्विपक्षीय व्यापार समझौते में भारतीय किसानों की प्रमुख फसल व डेयरी को पूरी तरह से दूर रखा गया है।

उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक गेहूं-चावल व अन्य अनाज के साथ तिलहन, आलू, मसाला, लहसुन, मक्का, सोयाबीन, आटा के साथ सभी प्रकार के फूल-पत्ती से जुड़े उत्पाद को समझौते के दायरे से बाहर रखा गया है।

एथनॉल भी व्यापार समझौते से बाहर- ईंधन में इस्तेमाल होने वाले एथनॉल को भी समझौते में शामिल नहीं किया गया है। अब तक यह आशंका जाहिर की जा रही थी कि सोयाबीन व मक्के से बनने वाले अमेरिकी एथनॉल को भारत में आने की इजाजत दे दी जाएगी।

उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक, भारत में एथनॉल बनाने में मक्के का काफी इस्तेमाल हो रहा है और इससे सीधे तौर पर किसानों का हित जुड़ा है। इसलिए अमेरिकी दबाव के बावजूद एथनॉल व जानवरों के चारे को शामिल नहीं किया गया।

अमेरिका से भारत में पोल्ट्री-चिकन की नो एंट्री- वैसे भी अमेरिका में मक्के व सोयाबीन की फसल जेनिटिकलि मोडिफाइड है, जिसे भारत में आने की इजाजत दी ही नहीं जा सकती है। अमेरिका भारत के बाजार में अपनी पोल्ट्री को भेजने के लिए दबाव बना रहा था, लेकिन पोल्ट्री, चिकन और अन्य प्रकार के मांस भी अमेरिका भारत में नहीं भेज सकेगा।




# मोहल्ला समिति की सूचना पर पुलिस ने शातिर बदमाश को पकड़ा, 64 लीटर से अधिक अवैध शराब जब्त



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं आमजन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस द्वारा निरंतर मोहल्ला समिति बैठकों का आयोजन किया जा रहा है।

इन्हीं बैठकों के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है, जिसमें बाणगंगा थाना क्षेत्र से अवैध शराब के साथ एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में सामुदायिक पुलिसिंग को सशक्त करने हेतु चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत थाना बाणगंगा क्षेत्र में आयोजित मोहल्ला समिति बैठकों के दौरान भवानी नगर क्षेत्र में अवैध शराब की गतिविधियों की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई थी। प्राप्त सूचना पर पुलिस उपायुक्त जोन-03 श्री राजेश व्यास एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-03 श्री रामस्नेही मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बाणगंगा द्वारा तत्काल टीम गठित कर मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया।

पुलिस टीम ने मोहल्ला समिति बैठक एवं मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर भवानी नगर निवासी संदीप संदिग्ध अर्जुन ठाकुर उर्फ अर्जुन पंवार के घर पर दबिश दी। विधिवत तलाशी के दौरान आरोपी के घर से भारी मात्रा में अवैध देशी शराब बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी शराब रखने संबंधी कोई वैध लाइसेंस या संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं कर सका।

पुलिस द्वारा आरोपी अर्जुन ठाकुर उर्फ अर्जुन पंवार के कब्जे से कुल 373 क्वार्टर, लगभग 64.14 बल्क लीटर अवैध देशी शराब जब्त की गई। इस संबंध में थाना बाणगंगा में अपराध क्रमांक 230/26 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी एक शातिर बदमाश है, जिसके विरुद्ध पूर्व में भी कई अपराध पंजीबद्ध होना पाया गया है।

फिलहाल पुलिस द्वारा आरोपी से अवैध शराब के स्रोत के संबंध में पूछताछ की जा रही है तथा विवेचना के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे इसी प्रकार सहयोग करते हुए अवैध गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें, ताकि क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाया जा सके।

## लव-कुश चौराहा स्थित डबल लेयर ब्रिज निर्माण कार्य का सीईओ ने किया निरीक्षण, प्रगति पर जताई नाराज़गी



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परिक्षित झाड़े ने लव-कुश चौराहा स्थित निर्माणाधीन डबल लेयर ब्रिज के कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय डॉ. झाड़े ने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और कार्य की धीमी गति पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी एवं प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट (पीएमसी) को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि परियोजना को निर्धारित समय-सीमा में हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीईओ ने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता के साथ कार्य में तेजी लाने की हिदायत दी, ताकि आमजन को शीघ्र यातायात सुविधा का लाभ मिल सके।

## सट्टे में फंसा दूध व्यापारी, 20 लाख के कर्ज ने ले ली जान

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर के मल्हारगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बांगड़दा इलाके में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहां रहने वाले एक दूध विक्रेता आकाश तिवारी ने कर्जदारों के उत्पीड़न से तंग आकर जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना बुधवार की है जब आकाश ने बड़ा गणपति क्षेत्र के समीप जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। आनन-फानन में उसे उपचार के लिए बाठिया अस्पताल ले जाया गया, जहां गुरुवार सुबह इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मामले की मर्ग जांच शुरू कर दी है। पारिवारिक सूत्रों और शुरुआती जांच में यह बात निकलकर सामने आई है कि आकाश पर लगभग 20 लाख रुपए का भारी कर्ज हो गया था। बताया जा रहा है कि यह कर्ज क्रिकेट के सट्टे में हुए नुकसान के कारण हुआ था। इसी कर्ज की वसूली के लिए लेनदार उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे थे और मानसिक रूप से दबाव बना रहे थे। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी, एक छोटा बेटा, मां और बड़ा भाई विकास हैं, जो इस घटना के बाद से गहरे सदमे में हैं। मल्हारगंज टीआई वीरेंद्र सिंह कुशवाह के अनुसार, मृत्यु से पहले आकाश के बयान दर्ज किए गए हैं। अपने बयान में उसने स्पष्ट रूप से उन लोगों का जिक्र किया है जो उसे पैसों के लिए परेशान कर रहे थे। आकाश ने संजय उर्फ संजू पंवार, पम्मी, हरी सोनी, नरेंद्र की पत्नी और एक क्रिकेट बुकी के नामों का खुलासा किया है। हालांकि, पुलिस को मौके से या तलाशी के दौरान कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है और न ही उसके मोबाइल में कोई सुसाइड वीडियो मिला है।

## इंदौर के एलिवेटेड कॉरिडोर पर फिलहाल रोक नहीं, अब सुनवाई 25 फरवरी को



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में बन रहे छह किलोमीटर लंबे एलिवेटेड कॉरिडोर का मामला हाईकोर्ट तक पहुंच चुका है। कोर्ट ने फिलहाल इसके निर्माण पर रोक नहीं लगाई है और इस याचिका को ट्रैफिक को लेकर लगी याचिका से लिंक करने को कहा गया है। अब अगली सुनवाई 25 फरवरी को होगी। गुरुवार को सुनवाई में याचिकाकर्ता अतुल शेठ की तरफ से कहा गया कि 9 सितंबर 2024 में शहर विकास की बैठक में इस कॉरिडोर को रद्द करने का फैसला खुद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लिया था। उसकी वजह बताई गई थी कि सिर्फ चार प्रतिशत ट्रैफिक इस कॉरिडोर से छह किलोमीटर तक गुजर पाएगा। अब फिर इसका निर्माण किया जा रहा है। 300 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि खर्च होगी, लेकिन इससे ट्रैफिक आसान नहीं होगा, बल्कि सड़क के ट्रैफिक में बाधा उत्पन्न होगी। कोर्ट ने कहा कि कॉरिडोर का मामला भी ट्रैफिक से जुड़ा है। इस कारण इसे ट्रैफिक व बीआरटीएस की याचिका से लिंक किया जाना चाहिए। अब इस याचिका पर अगली सुनवाई 25 फरवरी को होगी। कॉरिडोर के लिए लोक निर्माण विभाग ने मिट्टी परीक्षण शुरू कर दिया है।

## इंदौर में निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर 8 से 13 फरवरी तक

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर जिले में जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से स्वर्णिम फाउंडेशन इंदौर द्वारा Faces of Tomorrow America एवं ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस के सहयोग से निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में मरीजों की जांच एवं पंजीयन का कार्य 8 फरवरी रविवार को प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक धार रोड गुरुनानक टिम्बर मार्केट स्थित वर्मा यूनियन हॉस्पिटल इंदौर में किया जाएगा।

शिविर में अमेरिका के सुप्रसिद्ध प्लास्टिक सर्जन डॉ. ब्रायन रुबिनस्टिन, कटे होठ एवं तालू विशेषज्ञ डॉ. राहुल छाजलानी सहित अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा चयनित मरीजों के निःशुल्क ऑपरेशन 8 फरवरी से 13 फरवरी तक किए जाएंगे। शिविर में कटे-फटे होंठ एवं तालू, नाक, कान, चेहरे एवं जबड़े की बाह्य विकृति, क्लेफ्ट के कारण नाक की विकृति तथा तालू के ऑपरेशन के बाद स्पष्ट बोली न होने वाले मरीजों का उपचार किया जाएगा। जले हुए एवं सफेद दाग से संबंधित उपचार इस शिविर में नहीं किया जाएगा। संस्थापक श्रीमती वीरेन्द्रकुमार रेखा जैन (स्वर्णिम फाउंडेशन) ने बताया कि मानव सेवा के उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। पंजीयन के लिए मरीजों से आग्रह किया गया है कि वे अपना नाम, पिता का नाम, उम्र, पता, मोबाइल नंबर एवं फोटो ( मोबाइल नम्बर 9329442524) पर व्हाट्सएप भी कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए वर्मा यूनियन हॉस्पिटल के मोबाइल नंबर 0731-2380609 पर संपर्क किया जा सकता है।

## शेर के पीछे कौन है? यह फोटो बनी चर्चा का केंद्र, इंदौर में लगेगी प्रदर्शनी

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर के वरिष्ठ फोटोग्राफर हेमशंकर पाठक के बेहतरीन छायाचित्रों की एक भव्य प्रदर्शनी आगामी 6 से 8 फरवरी तक आयोजित होने जा रही है। इस तीन दिवसीय कला उत्सव का आयोजन प्रीतमलाल दुआ सभागृह में किया जाएगा। इस प्रदर्शनी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें पाठक के जीवन भर की साधना से निकले 81 चुनिंदा चित्रों को प्रदर्शित किया जाएगा। इन चित्रों में रंगीन फोटोग्राफी की चमक के साथ-साथ श्वेत-श्याम तस्वीरों की गहराई भी देखने को मिलेगी। यहां आने वाले दर्शक न केवल फोटोग्राफी की तकनीकी कलात्मकता से रूबरू होंगे, बल्कि वे हर तस्वीर में जीवन के स्पंदन और जीवंतता को भी महसूस कर सकेंगे। यह प्रदर्शनी प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक सभी कला प्रेमियों और शहरवासियों के लिए खुली रहेगी। अपनी कला यात्रा और इस आगामी प्रदर्शनी के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए हेमशंकर पाठक ने बताया कि उन्होंने इन तस्वीरों के माध्यम से प्रकृति, धर्म और आध्यात्म के अनूठे पहलुओं को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास किया है। पाठक के कैमरे की नजर से कहीं भगवान बुद्ध की गहरी ध्यान मुद्रा के दर्शन होते हैं, तो कहीं जंगल के राजा शेर का रौद्र और राजसी स्वरूप दिखाई देता है। उनकी तस्वीरों के संग्रह में जहां एक ओर प्रकृति की अद्भुत हरियाली की छटा बिखरी हुई है, वहीं दूसरी ओर विशाल पहाड़ों की अडिग खूबसूरती को भी बहुत ही खूबसूरती से कैद किया गया है। पाठक का मानना है कि उनकी खींची गई हर एक तस्वीर अपने आप में एक संपूर्ण कहानी है, जिसे समझने के लिए केवल एक पारखी नजर की आवश्यकता है।

## भागीरथपुरा में दूषित पानी से 33वीं मौत, कई दिन से बीमार बुज़ुर्ग ने दम तोड़ा



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से लगातार मौतें हो रही है। दूषित पानी की सप्लाई के कारण डायरिया होने का मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने बस्ती में गंभीर से बीमार लोगों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया था। उन्हीं में से एक 70 वर्षीय अलगूराम यादव की मौत हो गई। वे एक माह से अस्पताल में भर्ती थे और कुछ दिनों से वेंटिलेटर पर थे। उन्हें सांस लेने में दिक्कत आ रही थी।

गुरुवार रात उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई और तड़के उनकी मौत हो गई। अलगू 9 जनवरी से अरबिंदो अस्पताल में भर्ती थे। परिजनों का कहना है कि उन्हें कोई दूसरी बीमारी नहीं थे। उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद उन्हें बस्ती के क्लिनिक में दिखाया गया था। वहां से उन्हें अरविंदो अस्पताल में रेफर किया गया था। अभी भी बस्ती के दो मरीज गंभीर रूप से बीमार है और वे अस्पताल में भर्ती है। अब तक भागीरथपुरा के चार सौ से ज्यादा मरीज अस्पताल में इलाज करा कर ठीक हो चुके है, जबकि 33 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें छह माह का मासूम आव्यान भी शामिल है। दूषित पानी से ज्यादातर महिलाओं की मौतें हुई है। ज्यादातर को डायरिया के साथ दूसरी बीमारियां भी थी। बस्ती में हुई मौतों को लेकर हाईकोर्ट में याचिका लगी है और अफसरों ने डायरिया की वजह से 16 लोगों की मौत होना स्वीकारा है। अभी भी बस्ती में लोग नर्मदा लाइन का पानी भरने से डर रहे हैं, क्योंकि सप्लाई पुरानी लाइनों से ही हो रही है।

## प्रशासनिक न्यायाधिपति ने की सामुदायिक मध्यस्थता कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर के प्रशासनिक न्यायाधिपति न्यायमूर्ति श्री विजय कुमार शुक्ला द्वारा सामुदायिक मध्यस्थता कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के दौरान कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक किए गए कार्यों, प्राप्त उपलब्धियों तथा भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रशासनिक न्यायाधिपति ने सामुदायिक स्तर पर विवादों के सौहार्दपूर्ण एवं त्वरित समाधान में सामुदायिक मध्यस्थता की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सामुदायिक मध्यस्थता कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक मध्यस्थता से न केवल न्यायालयों पर भार कम होता है, बल्कि समाज में आपसी समझ, सहयोग एवं शांति भी सुदृढ़ होती है।

बैठक में न्यायाधिपति ने जनसामान्य में मध्यस्थता के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा अधिक से अधिक मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने पर विशेष बल दिया। इस अवसर प्रशिक्षित मध्यस्थ एवं पोटेंशियल ट्रेनर डॉ. मोहम्मद शमीम, प्रिंसिपल रजिस्ट्रार श्री अनूप कुमार त्रिपाठी, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी श्री नीरज मालवीय, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति इंदौर के अधिकारी, कर्मचारी व विभिन्न समुदायों से प्रशिक्षित किए गये सामुदायिक मध्यस्थ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी सामुदायिक मध्यस्थों को मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से उपलब्ध कराई डायरी भी प्रदान की गई।

## आदर्श रोड मल्टीलेवल पार्किंग का महापौर ने किया निरीक्षण, अप्रैल से शुरू होगी सुविधा



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में लगातार बढ़ते यातायात दबाव को कम करने और सुव्यवस्थित पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में नगर निगम द्वारा किए जा रहे प्रयासों के तहत शुक्रवार को महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने पलासिया स्थित आदर्श रोड पर निर्माणाधीन मल्टीलेवल पार्किंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यातायात प्रभारी श्री राकेश जैन, एमआईसी सदस्य श्री राजेश उदावत, पार्षद श्री पुष्पेंद्र पाटीदार, अपर आयुक्त श्री अभय राजनगांवकर सहित संबंधित निर्माण एजेंसी के अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान महापौर श्री भार्गव ने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पर्याप्त और सुव्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है। सुभाष नगर मल्टीलेवल पार्किंग के सफल संचालन के बाद आदर्श रोड पर बीओटी आधार पर तैयार की जा रही यह पार्किंग अप्रैल माह तक प्रारंभ करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके शुरू होने से आदर्श रोड एवं ग्रेटर कैलाश क्षेत्र में सड़क पर लगने वाले वाहनों के कारण उत्पन्न यातायात दबाव में उल्लेखनीय कमी आएगी।

महापौर ने बताया कि इस मल्टीलेवल पार्किंग में लगभग 150 कारों एवं 150 दोपहिया वाहनों के पार्किंग की सुविधा उपलब्ध होगी। पार्किंग शुल्क नगर निगम द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार रहेगा। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि निर्माण कार्य की गति कुछ धीमी रही है, लेकिन हाल ही में निगम द्वारा सभी पार्किंग परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

महापौर श्री भार्गव ने कहा कि नागरिकों को निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने के लिए जागरूक किया जाएगा। यदि इसके बावजूद लोग सड़क पर अव्यवस्थित रूप से वाहन खड़े करेंगे, तो उनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आदर्श रोड मल्टीलेवल पार्किंग के शुरू होने से क्षेत्र के नागरिकों को बड़ी सुविधा मिलेगी और शहर की यातायात व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## होली के मद्देनज़र यात्रियों को राहत, 6 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे पुनः किए गए विस्तारित

पश्चिम रेलवे
Western Railway

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** होली त्योहार के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ और यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष किराये पर संचालित 6 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरों को पुनः विस्तारित करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से त्योहार के समय लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बांद्रा टर्मिनस- अजमेर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन संख्या 09622 को 30 मार्च 2026 तक तथा अजमेरङ्कबांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन संख्या 09621 को 29 मार्च 2026 तक विस्तारित किया गया है। इसी तरह अजमेरङ्कदौंड साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन संख्या 09625 के फेरे 26 मार्च 2026 तक और दौंड - अजमेर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन संख्या 09626 के फेरे 27 मार्च 2026 तक बढ़ाए गए हैं।

अजमेर- सोलापुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन संख्या 09627 को 25 मार्च 2026 तक तथा सोलापुर-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन संख्या 09628 को 26 मार्च 2026 तक विस्तारित किया गया है। वहीं बीकानेर- साई नगर शिरडी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन संख्या 04715 के फेरे 28 मार्च 2026 तक और साई नगर शिरडी- बीकानेर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन संख्या 04716 के फेरे 29 मार्च 2026 तक जारी रहेंगे।

इसके अतिरिक्त हिसार- खडकी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन संख्या 04725 को 29 मार्च 2026 तक तथा खडकी- हिसार साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन संख्या 04726 को 30 मार्च 2026 तक विस्तारित किया गया है। साथ ही हिसार- वलसाड साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन संख्या 04727 के फेरे 25 मार्च 2026 तक और वलसाड-हिसार साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन संख्या 04728 के फेरे 26 मार्च 2026 तक बढ़ाए गए हैं।

## पलासिया पुलिस की कार्रवाई, 882 ग्राम गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए इंदौर पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना पलासिया नगरीय पुलिस इंदौर ने अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर के निर्देशानुसार तथा पुलिस उपायुक्त जोन-03, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-03 एवं सहायक पुलिस आयुक्त संयोगितागंज श्री तुषार सिंह के मार्गदर्शन में थाना पलासिया पुलिस द्वारा गोपनीय सूचना संकलन कर अवैध मादक पदार्थों के क्रयङ्कविक्रय में संलिप्त व्यक्तियों पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

इसी दौरान थाना पलासिया टीम द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश की जा रही थी। तलाशी अभियान के दौरान पीडब्ल्यूडी ऑफिस के पीछे वाली गली, ओल्ड पलासिया क्षेत्र में एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया, जिसकी गतिविधियां संदेहास्पद प्रतीत हुईं।

पुलिस टीम द्वारा पीछा कर उसे पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम विक्की बोरासी, उम्र 31 वर्ष, निवासी बड़ी ग्वालटोली, इंदौर बताया। विधिवत तलाशी लेने पर उसके कब्जे से लगभग 882 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई जा रही है। साथ ही आरोपी के पास से एक टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल भी जप्त की गई, जिसकी कीमत लगभग 1.5 लाख रुपये है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध थाना पलासिया में अपराध क्रमांक 47/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है तथा अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## इंडस्ट्रियल एरिया में नालों में गंदगी छोड़ने वाली फैक्ट्रियों पर निगम की सख्त कार्रवाई, 1.70 लाख का स्पॉट फाइन



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा एवं आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा इंडस्ट्रियल एरिया में नालों में गंदगी एवं अपशिष्ट जल छोड़ने वाली फैक्ट्रियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई जोन क्रमांक 17 के अंतर्गत की गई, जहां निरीक्षण के दौरान कई औद्योगिक इकाइयों द्वारा पर्यावरण एवं स्वच्छता नियमों के उल्लंघन की पुष्टि हुई।

अपर आयुक्त श्री प्रखर सिंह के निर्देशन में किए गए निरीक्षण में पाया गया कि कुछ फैक्ट्रियां बिना किसी उपचार के अपशिष्ट जल एवं गंदगी नालों में प्रवाहित कर रही थीं, जिससे पर्यावरण प्रदूषण के साथ-साथ आमजन को भी गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। इस पर नगर निगम द्वारा मौके पर ही संबंधित औद्योगिक इकाइयों के विरुद्ध स्पॉट फाइन की कार्रवाई की गई।

नगर निगम द्वारा की गई इस कार्रवाई में आर.जे. गुड पर 50,000, एस एंड एन श्रीफल कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड पर 40,000, इलेक्ट्रो मशीनरी एवं चिराग इंडिया डिटर्जेंट पर 30,000, रॉयल प्लास्टिक पर 25,000 तथा बी.एम. ड्रायर्स पर 25,000 का जुर्माना लगाया गया। इस प्रकार कुल 1,70,000 का स्पॉट फाइन किया गया।

कार्रवाई के दौरान तहसीलदार श्री ओंकार मनाग्रे, जोन क्रमांक 17 के झोनल अधिकारी श्री नरेंद्र कुरील, सीएसआई श्री आशीष कापसे, उपयंत्री श्री सिद्धांत मेहता एवं एचएमएस एनजीओ टीम के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि औद्योगिक क्षेत्रों में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के नियमों का पालन करना अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन करने वाली किसी भी इकाई के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रखी जाएगी।

# पूर्व सैनिक सेवा परिषद एवं समाजसेवियों ने किया 6 सेवानिवृत्त सैनिकों का सम्मान



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद एवं शहर नगर के समाजसेवियों ने भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होकर आए छः सैनिकों का किया भव्य स्वागत सम्मान सर्वप्रथम सेवानिवृत होकर आए सैनिक गांव गुर्जर बर्डिया के निवासी सैनिक गोपाल गुर्जर 18 वर्ष सेवा उपरांत सेवानिवृत हुवे जहां मंदसौर एवं गृह गांव में भव्य स्वागत हुआ वही मंदसौर संजीत नाका निवासी योगेश सिंह चौहान 22 वर्ष भारतीय सेना में सेवा करके रिटायर्ड हुए साथ ही अफजलपुर निवासी मुकेश डांगी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल से 22 वर्ष सेवा उपरांत सेवानिवृत हुए। जिनकी स्वागत यात्रा भारत माता चौराहा से शुरू होकर गांधी चौराहा, पटेल चौराहा, संजीत नाका होते हुवे गांव अफजलपुर पहुंची।

जहां स्कूल स्टाफ बच्चे एवं ग्राम वासियों ने भव्य स्वागत किया। नारायणगढ़ के सैनिक अंतिम कुमार ग्वाला 22 वर्ष देश सेवा करके सेवानिवृत हुए मल्हारगढ़ एवं नारायणगढ़ में हुआ भव्य स्वागत संघटन मल्हारगढ़ इकाई ने किया स्वागत। उसके बाद गांव अकोदड़ा के सैनिक नानालाल जी पाटीदार 22 वर्ष सेवा करके सेवानिवृत हुए स्वागत यात्रा भारत माता चौराहे से शुरू होकर सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर गृह गांव अकोदड़ा में हुआ स्वागत।

गांव खेजड़ी मल्हारगढ़ निवासी सैनिक बलवंत सिंह चौहान 05 फरवरी को 24 वर्ष सेवा उपरांत सेवानिवृत हुए जिनका पूर्व सैनिक संगठन मल्हारगढ़ इकाई ने किया स्वागत पिपलिया मंडी एवं गृह गांव में भव्य स्वागत हुआ। सभी सेवानिवृत्ति सैनिकों का बड़े भव्यता से स्वागत जुलूस भारत माता चौराहा से शुरू होकर अपने गांव नगर की तरफ प्रस्थान किया गया। सभी ने पलक पाउडर बिछाए सैनिकों का पुष्प वर्षा एवं माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। सेवानिवृत्ति सैनिकों ने स्वागत रैली में चलते हुए शहर में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओ पर माल्यार्पण किया। समाजसेवी विनय दुबेला ने कहा कि मंदसौर की धरा वह धरा है जहां प्रत्येक सैनिक का स्वागत होता है और यह क्रम रुकना नहीं चाहिए आज मैं सभी से निवेदन करूंगा कि आप सभी अपनी फेसबुक और अन्य साइट पर सैनिक के स्वागत सम्मान की पोस्ट जरूर चलाएं सैनिक का स्वागत हमारे लिए बहुत ही गौरव की बात है।

पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष मुकेश गुर्जर पालड़ी ने कहा कि भारतीय सैनिक लंबी तपस्या या यूं कहे कि इतने वर्षों के वनवास के पश्चात लौटे है यह हमारे लिए बहुत ही गर्व एवं खुशी का विषय भारतीय सैनिक सिर्फ अपने दायित्व से सेवानिवृत्ति होता है उसके अंदर देशभक्ति जोश जज्बा जन सेवा की भावना सदैव जीवित रहती है। इस अवसर पर संगठन मार्गदर्शक एस के त्रिपाठी, सेवानिवृत्ति सूबेदार संगठन मार्गदर्शक एस आर जांगिड़, कैप्टन सुरेश परमार, मोहन पोपड़िया, दशरथ सिंह चौहान, संगठन अध्यक्ष मुकेश गुर्जर, समाजसेवी विनय दुबेला, राजेश चौहान दीपक राठौड़, बाबूसिंह सिसौदिया, ऋषिराज गुर्जर, रूपचंद महावर, नरेंद्र खटवड़, नरेंद्र पाटीदार, प्रहलाद राठौड़, राजेंद्र सिंह, कमल सिंह चंद्रावत शक्तावत, रघुनाथ सिंह राठौर, मुकेश सोलंकी, मंगल सिंह सिसोदिया, नानालाल मालवीय, दिनेश पाटीदार, कमलेश देवड़ा, आजाद पूरी गोस्वामी, मदन धनगर, दशरथ डांगी, घनश्याम शिकारी, राजेश नागदा, दिलीप पाटीदार, जुगल विश्वकर्मा, हरीश राठौर, रामनारायण गुर्जर, जितेंद्र माली, भारत सिंह बोराना, ईश्वर पाटीदार, धर्मेंद्र सोनगरा, भगत सिंह, आर एन मालवीय, रोहित प्रजापत,दिनेश यादव,लाल सिंह , अनूप सिंह,सहित अन्य पूर्व सैनिक एवं सैनिक उपस्थित रहे।

## पंचायत अध्यक्ष के दबाव में पुलिस पर सरपंच पति को फंसाने की साजिश का आरोप



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सगराना गांव में निर्माणाधीन फैक्ट्री का विवाद अब पूरी तरह राजनीतिक अखाड़ा बन गया है। इस मामले में नया मोड़ तब आया जब महिला सरपंच रानी बाई ने कैंट थाने में भारी हंगामे के बीच पुलिस की कार्यप्रणाली पर उंगली उठा दी। सरपंच का सीधा आरोप है कि जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जन सिंह चौहान अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं और उनके इशारे पर ही पुलिस सरपंच पति विक्रम सिंह राजपूत को झूठे मामले में फंसाने की साजिश रच रही है।

अध्यक्ष के बेटे-भांजे से विवाद के पीछे सत्ता का दबाव-शुक्रवार को गोल्डक्रैश फैक्ट्री परिसर में जिला पंचायत अध्यक्ष के बेटे इंद्रजीत और भांजे आदित्य के साथ हुई मारपीट के मामले में पुलिस की एकतरफा कार्रवाई पर सरपंच पक्ष ने आक्रोश जताया है। सरपंच रानी बाई का कहना है कि पुलिस केवल सत्ता पक्ष के रसूखदारों की बात सुन रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष के परिजन वहां भुगतान लेने के बहाने विवाद करने पहुंचे थे और अब अपनी सत्ता का लाभ उठाकर सरपंच परिवार को प्रताड़ित करने का खेल खेल रहे हैं।

थाने में हंगामा, पुलिस पर पक्षपात के आरोप- कैंट थाने पहुंची महिला सरपंच ने पुलिस अधिकारियों के सामने जमकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके देवर महेंद्र सिंह और पति विक्रम सिंह को केवल राजनीतिक रंजिश के चलते निशाना बनाया जा रहा है। सरपंच पक्ष के अनुसार, जिला पंचायत अध्यक्ष का फैक्ट्री में हस्तक्षेप और वहां रेत सप्लाई के बहाने अपनी धौंस जमाना ही विवाद की असली जड़ है। अब इसी मामले में पुलिस पर राजनीतिक दबाव बनाकर उनके परिवार के खिलाफ गंभीर धाराएं लगवाई जा रही हैं।

अपराधिक रिकॉर्ड के नाम पर छवि बिगाड़ने की कोशिश- सरपंच ने पुलिस द्वारा उनके परिजनों के पुराने रिकॉर्ड खंगालने की कार्रवाई को भी षड्यंत्र का हिस्सा बताया। उनका कहना है कि पुराने विवादों को ढाल बनाकर वर्तमान घटना को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है ताकि गांव की राजनीति में उन्हें नीचा दिखाया जा सके। इधर, कैंट पुलिस ने अध्यक्ष के परिजनों की शिकायत पर मामला तो दर्ज कर लिया है, लेकिन सरपंच पक्ष के इन गंभीर आरोपों ने पुलिस की निष्पक्षता को संदेह के घेरे में खड़ा कर दिया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश देने की बात कह रही है, जबकि सरपंच पक्ष न्याय के लिए लड़ने की चेतावनी दे रहा है।

## ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए कलेक्टर श्री चंद्रा

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नीमच जिले की जावद विकासखंड के ग्राम झांतला मे शुक्रवार को संकल्प से समाधान अभियान के तहत क्लस्टर स्तरीय शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए और उनकी समस्या का त्वरित निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को दिए हैं।

इस शिविर में झांतला के श्री राजेश वर्मा ने गांव के बड़े नाले की सफाई करवाने, गांव से सिंगोली रोड तक की सड़क का चौडीकरण एवं दुरूस्त करवाने, नया पुराना जलाशय की मरम्मत एवं सुधार नहरों की मरम्मत एवं सुधार करवाने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने पंचायत सचिव को तत्काल जेसीबी लगवा कर, मुख्य नाले की सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को नया पुराना तालाब के सुधार एवं मरम्मत तथा नहरों का आवश्यक सुधार और तालाब का सुव्यवस्थित रख रखाव करवाने के निर्देश दिए।

जिले की सभी लाड़ली लक्ष्मियों को लंबित छात्रवृत्ति का भुगतान सुनिश्चित करें - शिविर में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा को तीन लाड़ली लक्ष्मी छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति का भुगतान शेष होने की समस्या बताई। इस पर कलेक्टर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए, कि वे जिले की सभी लाड़ली लक्ष्मियों को छात्रवृत्ति वितरण की समीक्षा कर ले और भुगतान से शेष रही छात्रवृत्ति का भुगतान अविलंब सुनिश्चित करें।

ग्रामीणों की मांग पर कलेक?टर ने जल निगम की पाईपलाईन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों का गुणवत्तापूर्ण सुधार कार्य करवाने और घर के अंदर तक नीला पाइप पहुंचाकर, जल आपूर्ति करवाने के निर्देश जल निगम महाप्रबंधक को दिए हैं।

इस अवसर पर ग्रामीणों और किसानों से रूबरू होते हुए कलेक्टर ने कहा, कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशानुसार जिले में पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए विशेष केसीसी अभियान चलाया जा रहा हैं। इस अभियान के तहत सभी पशुपालकों के केसीसी जारी करवाए जा रहे हैं। सभी पशुपालक पशुपालन केसीसी के लिए आवेदन करें और केसीसी के माध्यम से ब्याज मुक्त ऋष्टा प्राप्त कर उन्नत पशुपालन को बढ़ावा दे, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने में सहयोग करें।

सभी सरपंच, सचिव गांव में अपशिष्ट प्रबंधन की समुचित व्यवस्था करें- कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने रेतपूरा के ग्रामीणों की मांग पर सभी सरपंच सचिवों से कहा, कि वे अपनी ग्राम पंचायत के माध्यम से क्षेत्र में मृत पशुओं के समुचित निपटान एवं अपशिष्?ठ प्रबंधन के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित कर, वहां अपशिष्ट प्रबंधन की सुव्यवस्थित व्यवस्था करें।

कलेक्टर ने एमपीईबी कार्यालय के पास स्थित बस्ती में नल से जलापूर्ति नहीं होने की शिकायत पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को तत्काल मौके पर भेज कर नल से जलापूर्ति सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए।

## पीएम आवास योजना में अधूरे मकानों को लेकर सांसद सुधीर गुप्ता ने लोकसभा में उठाया सवाल



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी (पीएमएवाई-यू) के अंतर्गत अधूरे पड़े आवासों को लेकर लोकसभा में सांसद सुधीर गुप्ता ने सरकार से गंभीर सवाल पूछे। उन्होंने योजना की समय-सीमा समाप्त होने के बाद भी कई राज्यों में अधूरे निर्माण कार्य, देरी के कारणों और सरकार की आगे की कार्ययोजना पर स्पष्ट जवाब मांगा। सांसद सुधीर गुप्ता द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 1012 के उत्तर में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने बताया कि पीएमएवाई-यू योजना वर्ष 2015 से लागू है, जिसका उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में पात्र लाभार्थियों को हर मौसम में रहने योग्य पक्के आवास उपलब्ध कराना है।

मंत्रालय के अनुसार, 22 जनवरी 2026 तक देशभर में कुल 111.62 लाख आवासों को स्वीकृति दी गई, जिनमें से 96.30 लाख आवास पूर्ण कर लाभार्थियों को सौंपे जा चुके हैं। वहीं पीएमएवाई-यू 2.0 के अंतर्गत अब तक 10.66 लाख आवासों को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 2.24 लाख आवासों की नींव रखी जा चुकी है। अपने प्रश्न में सांसद सुधीर गुप्ता ने यह भी जानना चाहा कि आवासों के निर्माण में देरी के मुख्य कारण क्या हैं। इस पर सरकार ने बताया कि भूमि की उपलब्धता, लाभार्थियों द्वारा अंशदान में विलंब, निर्माण अनुमतियों की प्रक्रिया और स्थानीय निकायों से जुड़े कारणों से परियोजनाओं में देरी होती है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि 31 दिसंबर 2025 के बाद भी जिन आवासों का निर्माण अंतिम चरण में है और जिनके लिए धनराशि जारी हो चुकी है, उनका कार्य तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश राज्यों को दिए गए हैं। सांसद सुधीर गुप्ता ने योजना में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने को लेकर भी सवाल उठाया। सरकार ने जवाब में बताया कि पीएमएवाई के अंतर्गत एमआईएस प्रणाली, जियो-टैगिंग, आधार आधारित सत्यापन और मोबाइल एप के माध्यम से निगरानी की जा रही है, जिससे वास्तविक लाभार्थियों को ही योजना का लाभ मिल सके। सरकार ने भरोसा दिलाया कि पीएमएवाई और पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत अधूरे मकानों को समयबद्ध तरीके से पूरा कर पात्र लाभार्थियों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराए जाएंगे।

## शासकीय सांदीपनि विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा का लाइव कार्यक्रम संपन्न



**रतलाम/ प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय विनोबा नगर रतलाम में परीक्षा पे चर्चा का लाइव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा रही और अध्यक्षता क्षेत्रीय पार्षद देवश्री पुरोहित की।

इंटरेक्शन विथ एग्जाम वारियर÷ के लाइव प्रसारण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बेहतर और समझदारीपूर्ण उपयोग पर बल दिया। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि शिक्षकों को विद्यार्थी की सीखने की गति के अनुसार सीखाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसे किसान खेत जोतता है वैसे शिक्षकों को स्टूडेंट के मन को जोतना चाहिए। एक अन्य प्रश्न स्किल ज्यादा जरूरी है या मार्क्स ? पर उन्होंने कहा कि हर चीज में संतुलन होना चाहिए, लाइफ स्किल और प्रोफेशनल स्किल दोनों जरूरी है तथा उसके लिए अध्ययन जरूरी है। परीक्षा पे चर्चा के दौरान संस्था के 250 से अधिक विद्यार्थियों और 30 शिक्षकों ने अलग-अलग कक्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तनाव मुक्त रहकर परीक्षा को उत्सव की तरह मनाने की अवधारणा को आत्मसात किया।

लाइव प्रसारण के उपरांत मुख्य अतिथि मनीषा शर्मा ने विद्यार्थियों से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संदेश, सीख और चर्चा के बिंदुओं को जीवन मे उतारने का संकल्प दिलाया।कार्यक्रम का संचालन उप प्राचार्य गजेन्द्र सिंह राठौर ने किया तथा आभार प्राचार्य संध्या वोरा ने माना।

## नाबालिग दस्तियाब : 150 से ज्यादा केमरे खंगाले, नोएडा से आरोपी को पकड़ा



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** दलौदा थाना पुलिस ने अपहृत नाबालिग युवती के अपहृत प्रकरण में तत्परता से कार्रवाई कर 150 से अधिक सीसीटीवी केमरे खंगाले हैं। युवती की लोकेशन उत्तरप्रदेश नोएडा शहर में मिली। जिसके बाद गठित टीम ने नोएडा से आरोपी मोहम्मद शकील निवासी मेरठ को पकड़ा व नाबालिग युवती को सकुशल दस्तियाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। थाना पुलिस की गाड़ी मंदसौर में खराब होने की स्थिति में आरोपी को पैदल ही कोर्ट तक ले जाया गया।

दलौदा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक शुभम व्यास एवं पुलिस टीम ने उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में 26 जनवरी को दर्ज 16 वर्षीय युवती के अपहृत की शिकायत में 150 से अधिक सीसीटीवी केमरो को चेक कराया गया। करीब सात सौ किलोमीटर दूर ग्रेटर नोएडा शहर से नाबालिग युवती को ट्रेस किया गया। यहां से आरोपी मोहम्मद शकील पिता मोहम्मद अमीर निवासी मेरठ उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से युवती को सकुशल दस्तियाब किया गया। इस कार्य में कचनारा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक पूर्णिमासिंह, सउनि प्रमोद तोमर, प्रआर अजीतसिंह, आरक्षक विजेन्द्रसिंह, मुजफ्फर सायबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## एनडीपीएस व आर्म्स एक्ट के आरोपी पर निरोधात्मक कार्रवाई, इंदौर सेंट्रल जेल दाखिल



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मादक पदार्थ तस्करी के आरोपी सद्दाम पिता लाल मोहम्मद 32 वर्ष निवासी बूढ़ा के खिलाफ मंदसौर पुलिस ने निरोधात्मक कार्रवाई की आरोपी को सेंट्रल जेल इंदौर दाखिल कराया है। उस पर 13 अपराध मध्यप्रदेश व राजस्थान में दर्ज हैं, जिसमें 5 एनडीपीएस के हैं। एसडीओपी मल्हारगढ़ नरेन्द्र सोलंकी व थाना प्रभारी नारायणगढ़ भारत भाबर द्वारा उच्च अधिकारियों के निर्देशन में आदतन अवैध मादक पदार्थ तस्कत्री के आरोपी सद्दाम खां के विरूद्ध पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रतिवेदन एसपी मंदसौर द्वारा जिला मजिस्ट्रेट के माध्यम से उज्जैन संभागायुक्त को प्रेषित किया था। जिसमें स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार अधिनियम के तहत निरोधात्मक आदेश पारित किया गया है। इस आदेश पर दिनांक 5 फरवरी को आरोपी सद्दाम निवासी बूढ़ा को गिरफ्तार कर 6 फरवरी को केंद्रीय जेल इंदौर दाखिल किया गया। गौरतलब है कि एसपी विनोद मीना के मार्गदर्शन में जिले सूचीबद्ध मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड को आईसी आईएस पोर्टल के माध्यम से अद्यतन किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है। बूढ़ा निवासी आरोपी सद्दाम खां पर कुल 13 अपराध दर्ज हैं। जिसमें पांच मादक पदार्थ तस्करी के हैं। इसमें मंदसौर, नीमच, झाबुआ, एवं राजस्थान के थाना जलौदा जागीर, छोटी सादड़ी प्रतापगढ़ में एनडीपीएस प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी सद्दाम पर आठ अपराध आग्नेय शस्त्रों की तस्करी से संबंधित दर्ज हैं। इस प्रकार आरोपी कुख्यात बन चुका है।

## महिला मर्डरकांड : हत्यारे सोतेले बेटे व साथी को जावरा से पकड़ा, पूछताछ जारी

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पार्षद शाहिद मेव की तीसरी पत्नी रूबिना की चाकू मारकर हत्या करने के मामले में आरोपी बनाए गए दोनों युवकों को कोतवाली पुलिस ने हिरासत में लिया है। उन्हें जावरा से पकड़ा गया है। पार्षद शाहिद मेव की पहली पत्नी का बेटा साहिल और उसका साथी सोहेल निवासी नयापुरा ही आरोपी निकले हैं। प्राथमिक पूछताछ में दोनों ने पारिवारिक विवाद में ही घटनाक्रम करना बताया है। कोतवाली थाना इंचार्ज उपनिरीक्षक संदीप मौर्य ने आगे बताया कि महिला रूबिना गुरुवार को मदारपुरा में अपने पापा के घर से अभिनंदन नगर स्थित कित्राए के मकान पर जा रही थी। ऑटो रिक्शा में सवार होने पर उसे अभिनंदन में बाईक से आए आरोपी साहिल व उसके साथी सोहेल ने मौका पाकर रूबिना पर चाकू से हमला किया था। मृतिका रूबिना से कुछ माह पूर्व पार्षद शाहिद मेव ने तीसरी शादी की थी। उसे अभिनंदन में किराए का मकान दिलाया था। इसको लेकर पारिवारिक विवाद रहा। शाहिद की पहली पत्नी की बेटे साहिल एवं साथी सोहेल को पुलिस ने मर्डर के इस अपराध में हिरासत में लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

## गौवंश तस्करी पर एक युवक को जेल भेजा, दूसरा फरार

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** यशोधर्मन नगर थाना एवं चौकी पुलिस ने मुल्तानपुरा गांव में दबिश देकर यहां से गौवंश तस्करी के आरोपी एक युवक को पकड़ा है, जबकि एक आरोपी फरार है। पुलिस के अनुसार नाका नंबर दस पर गत 23 जनवरी को साम्प्रदायिक माहौल खराब करने की दृष्टि से गौवंश का अवशेष मिला था। मामले में यशोधर्मन नगर थाना निरीक्षक शिवांशु मालवीय ने बताया कि प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश हेतु पृथक-पृथक टीम बनाई गई थी। आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी गई। इस दौरान आरोपी सद्दाम पिता ताहिर हुसैन सोड़ा 32 वर्ष मुल्तानपुरा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## संकल्प से संमाधान शिविर में किसान सोहनलाल को मिला ट्रेक्टर

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के जावद विकासखण्ड के ग्राम झांतला में शुक्रवार कोक संकल्प से समाधान शिविर में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय बागवानी यंत्रीकरण योजना के तहत लांभावित किसान सोहन लाल पिता पन्नालाल धाकड़ को ट्रेक्टर की चाबी प्रदान कर ट्रेक्टर प्रदान किया गया है। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैश्णव, एसडीएम सुश्री प्रीती संघवी, उपसंचालक उद्यानिकी श्री अतरसिह कन्नौजी व अन्य अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। कलेक्टर ने किसान सोहनलाल से चर्चा कर योजना तहत मिले 4.20 लाख के लाभ व 1.80 लाख के अनुदान के बारे में जानकारी ली व ट्रेक्टर का बागवानी कार्यो में उपयोग के बारे में भी चर्चा की। संकल्प से समाधान शिविर में ट्रेक्टर प्राप्त कर किसान काफी खुश नजर आ रहा था। कलेक्टर ने किसान को उद्यानिकी विभाग की अन्य योजनाओं का लाभ उठाने की समझाईश भी दी।

## संकल्प से समाधान के तहत नीमच में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर आज

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशानुसार संकल्प से समाधान अभियान तहत जिले में निःशुल्क मोतियाबिंद शिविरो का आयोजन किया जा रहा है।

## लहसुन की बंपर आवक ने बिगाड़ा यातायात तंत्र, मनासा मार्ग पर रातभर जाम, मंडी प्रशासन और पुलिस की गैरमौजूदगी से आमजन बेहाल



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कृषि उपज मंडी पिपलिया में इन दिनों लहसुन की बंपर आवक हो रही है, लेकिन इसके अनुरूप न तो मंडी प्रशासन ने कोई ठोस व्यवस्था की है और न ही यातायात नियंत्रण के पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं। इसका नतीजा यह रहा कि शुक्रवार रात्रि करीब 8 बजे मुख्य मनासा मार्ग पर अचानक लंबा जाम लग गया, जिसमें सैकड़ों वाहन फंस गए और लोगों को घंटों तक परेशान होना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार आसपास ही नहीं बल्कि बाहर के जिलों से भी बड़ी संख्या में लहसुन से भरे ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रॉली व पिकअप वाहन मंडी पहुंच रहे हैं। मंडी परिसर में पर्याप्त स्थान उपलब्ध न होने के कारण मंडी प्रशासन द्वारा इन वाहनों को मनासा मार्ग पर खड़ा करवा दिया जाता है। लेकिन मौके पर किसी प्रकार की निगरानी या दिशा-निर्देश नहीं होने से वाहन चालक अपनी सुविधा के अनुसार वाहन खड़े कर देते हैं। जल्दी मंडी में प्रवेश करने की होड़ में वाहन चालक सड़क के एक ओर पूरी तरह मार्ग बंद कर देते हैं, जिससे आम वाहनों की आवाजाही रुक जाती है। शुक्रवार रात भी यही स्थिति बनी और देखते ही देखते मनासा मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। दोपहिया, चारपहिया वाहन, बाइक व अन्य जरूरी सेवाओं के वाहन भी जाम में फंसे रहे। सबसे चिंताजनक बात यह रही कि जाम लगने के काफी समय बाद तक न तो मंडी प्रशासन का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचा और न ही पुलिस बल की तैनाती की गई। यातायात व्यवस्था पूरी तरह भगवान भरोसे रही। वाहन चालक और राहगीर खुद ही रास्ता निकालने की कोशिश करते रहे, जिससे स्थिति और अधिक अव्यवस्थित हो गई। नागरिकों और व्यापारियों ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। लहसुन सीजन में आए दिन इसी तरह जाम की समस्या उत्पन्न होती है, लेकिन प्रशासन हर बार आंखें मूंद लेता है। लोगों का कहना है कि यदि मंडी परिसर में अस्थायी पार्किंग, अलग से प्रवेश-निकास मार्ग और पुलिस की ड्यूटी लगाई जाए तो जाम की समस्या से निजात मिल सकती है। जाम में फंसे लोगों ने मंडी प्रशासन और पुलिस विभाग के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि लहसुन की आवक को देखते हुए तत्काल प्रभाव से यातायात व्यवस्था दुरुस्त की जाए और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

## प्रशासन गांव की ओर अभियान अंतर्गत बाजना ब्लॉक की क्लस्टर पंचायत मुख्यालय ईमलीपाडा कला मे हुई सुनवाई

**रतलाम/ प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार की चिन्हित फ्लैगशिप योजनाओं में शत् प्रतिशत सेचुरेशन प्राप्त करने हेतु ''प्रशासन गांव की ओर अभियान'' के तहत आज शुक्रवार को सभी जिला स्तरीय अधिकारियों ने ईमलीपाडा कला क्लस्टर अंतर्गत 19 ग्राम पंचायतों मे पहुँच कर आमजन की समस्याएं सुनी एवं समाधान योग्य समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। जिला स्तर एवं राज्य स्तर से समाधान योग्य समस्याओं को अनुश्रुवण पंजी मे दर्ज किया गया। क्लस्टर पंचायत मुख्यालय ईमलीपाडा कला पर सभी पंचायतों के नोडल अधिकारियों की कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह द्वारा ग्राम पंचायतवार समीक्षा की गई। भ्रमण के दौरान कलेक्टर के साथ सीईओ जिला पंचायत वैशाली जैन, एसडीएम सैलाना तरूण जैन, तहसीलदार मनीष जैन सहित जिला स्तरीय नोडल अधिकारी एवं मैदानी शासकीय अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने राजापुर मंदिर परिसर एवं ईको टूरिज्म का निरीक्षण किया- प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत कलेक्टर मिशा सिंह एवं सीईओ जिला पंचायत वैशाली जैन ने राजापुरा माताजी मंदिर में दर्शन करने के बाद मंदिर परिसर का निरीक्षण कर परिसर मे स्वच्छता परिसर, बाउण्ड्रीवाल, धर्मशाला, गार्डन ,पेवर ब्लाक, सीमेन्टेड कुर्सियो के साथ विद्युत व्यवस्था के लिए डीपीआर बनाने, मंदिर परिसर में दुकानों के निर्माण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने राजापुरा माताजी ईको टूरिज्म का निरीक्षण कर फारेस्ट गेस्ट हाउस को टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। बच्चो के लिए झूले-चक्करी, सेल्फी पाईट, जनजातीय संस्कृति से संबंधित चित्र प्रदर्शनी लगाने, पानी की व्यवस्था करने एवं सौंदर्यीकरण कार्य करवाने के निर्देश एसडीएम एवं संबंधित अधिकारियों को दिए।

# सम्पादकीय

## कर प्रोत्साहन और सख्त राजकोषीय गणित ने विकास अनुमानों की परीक्षा ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2026-27 के बजट भाषण में कर और गैर-कर उपायों के माध्यम से अर्थव्यवस्था के विभिन्न उद्योगों में निवेश को प्रोत्साहित करने की योजना प्रस्तुत की है। वैश्विक अनिश्चितताओं और विदेशी पूंजी प्रवाह को प्रोत्साहित करने और बनाए रखने की बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए बजट में रोजगार के बेहतर परिणाम और श्रम बाजार में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि, विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों को सहारा देने का प्रस्ताव है।

यहां हम मुख्य रूप से दो प्रकार के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हैं- पहला, आयकर व्यवस्था में बदलाव से संबंधित है और दूसरा बजट में प्रस्तुत राजकोषीय संतुलन से संबंधित है।

आयकर में परिवर्तन- बजट भाषण के भाग बी में आयकर नियमों से संबंधित कई महत्त्वपूर्ण घोषणाएं शामिल हैं। एक महत्त्वपूर्ण घोषणा कंपनियों को पुरानी आयकर प्रणाली से नई प्रणाली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने से संबंधित है। राजस्व हानि विवरण के अनुसार, पुरानी प्रणाली के अंतर्गत दर्ज कंपनियों की आय का हिस्सा पिछले कुछ वर्षों में लगातार कम नहीं हो रहा है बल्कि सभी आय श्रेणियों में पुरानी प्रणाली के अंतर्गत दर्ज आय का हिस्सा 2022-23 और 2023-24 के बीच बढ़ा है। वर्ष 2023-24 में कुल आय का 38 फीसदी पुरानी प्रणाली के अंतर्गत दर्ज किया गया, जबकि उससे पिछले वर्ष यह 34 फीसदी था। नई प्रणाली की शुरुआत से सरलीकृत प्रणाली को अपनाने के लिए कम कर तथा पर्याप्त प्रोत्साहन नहीं मिला है।

इस चिंता को दूर करने के लिए, बजट में न्यूनतम वैकल्पिक कर (मैट) के प्रारूप में बदलाव का प्रस्ताव है। पुरानी व्यवस्था में मैट, कर के अग्रिम भुगतान के रूप में लागू होता था, जिसके लिए बाद के वर्षों में मैट क्रेडिट उपलब्ध होता था। अब आंशिक मैट क्रेडिट केवल नई व्यवस्था अपनाने वाली कंपनियों को ही मिलेगा। जो कंपनियां पुरानी व्यवस्था में बने रहना चाहती हैं, उनके लिए मैट 14 फीसदी की दर से अंतिम कर बन जाएगा, जो वर्तमान 15 फीसदी से थोड़ा कम है। इस बदलाव से उम्मीद है कि कई कंपनियां नई व्यवस्था को अपनाएंगी, जिससे कई व्यवस्थाओं की जटिलता धीरे-धीरे कम हो जाएगी। यह एक सराहनीय बदलाव और उपयोगी प्रोत्साहन है। आयकर में किए गए दूसरे बदलावों का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर एकीकृत गतिविधियों के लिए बेहतर कारोबारी माहौल बनाने के साथ-साथ देश में विदेशी निवेश को आकर्षित करना है। इनमें दो प्रकार के प्रावधान शामिल हैं। भारत को चुनिंदा प्रगतिशील क्षेत्रों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाने के उद्देश्य से भारतीय डेटा केंद्रों का उपयोग करके वैश्विक स्तर पर क्लाउड कंप्यूटिंग सेवाएं प्रदान करने वाली विदेशी कंपनियों को 2047 तक लंबी अवधि की कर छूट देने का बजट प्रस्ताव है।

इस लंबी अवधि की कर छूट से भारतीय डेटा केंद्रों में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए आकर्षक प्रोत्साहन मिल सकता है। इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माताओं के लिए उपकरणों की आपूर्ति पर इनवॉइस मूल्य के 2 फीसदी के लाभ मार्जिन वाले सेफ हार्बर नियम और भारत में टोल विनिर्माण के लिए पूंजीगत वस्तुओं की आपूर्ति पर 2030-31 तक कर छूट से देश में इन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

आईटी और आईटीईएस देश के लिए विदेशी मुद्रा के प्रमुख स्रोत हैं। इन क्षेत्रों के लिए सेफ हार्बर नियमों के तहत लाभ मार्जिन को तर्कसंगत बनाना और कम करना तथा अग्रिम मूल्य निर्धारण को सुव्यवस्थित करना इस क्षेत्र के विकास को सहारा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

प्रोत्साहन के लिए क्षेत्रों और खंडों की पहचान की चयनात्मक प्रक्रिया में काफी तैयारी की आवश्यकता है। हालांकि, कर व्यवस्था के अंतर्गत फिर से प्रोत्साहनों की जरूरत चिंता का विषय हो सकती है और इससे अन्य क्षेत्रों को भी शामिल करने के लिए प्रोत्साहन के दायरे को विस्तारित करने के अनुरोध किए जा सकते हैं। नीतियों की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए इन हस्तक्षेपों की समय-समय पर समीक्षा करना उपयोगी हो सकता है।

वित्तीय गणित- वित्त मंत्री 2025-26 में राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.5 फीसदी या उससे कम पर लाने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम रहीं। वर्ष 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4 फीसदी है, जो बजट में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप है। ऋण-जीडीपी अनुपात के नए राजकोषीय आधार और 2030-31 तक इस अनुपात को 50 फीसदी (1त्र कम या ज्यादा) तक कम करने के उद्देश्य के साथ, वित्त मंत्री ने चालू वित्त वर्ष में ऋण-जीडीपी अनुपात में 0.5 फीसदी की कमी का मामूली लक्ष्य चुना है, जिससे 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.3 फीसदी हो जाता है, जो 2025-26 के लगभग समान स्तर पर होगा। अनिश्चित वैश्विक आर्थिक माहौल को देखते हुए, यह लक्ष्य देश के अल्पकालिक और मध्यम अवधि के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कुछ राजकोषीय गुंजाइश प्रदान करता है। हालांकि, मुख्य आंकड़े से परे कुछ अन्य मुद्दे भी हैं जिन पर विचार करना आवश्यक है।

वर्ष 2026-27के लिए नॉमिनल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 10.1 फीसदी की वृद्धि का अनुमान है, जिसे मोटे तौर पर 7 फीसदी वास्तविक वृद्धि (आर्थिक समीक्षा के अनुसार) और जीडीपी डिफ्लेटर में 3 फीसदी मुद्रास्फीति में विभाजित किया जा सकता है। पिछले दो वर्षों की तरह मुद्रास्फीति में कुछ मामूली गिरावट का जोखिम हो सकता है।

## आंतरिक द्वंद से छुटकारा पाने, का मार्ग है सहजयोग



**ब्रह्मानंदं परम सुखदं,केवलं ज्ञानमूर्ती, द्वंद्वातीतं गगन सदृशं, तत्वमस्यादि लक्षं।**
**एकं नित्यं विमलमचलं,सर्वाधी साक्षीभूतं, भावातीतं त्रिगुण रहितं, सदगुरु तं नमामि ॥**

गुरु गीता - सहजयोग एक सहजावस्था है, जिसे पाना इतना ही सरल है जैसे कि पृथ्वी मां के उदर से अंकुर प्रस्फुटित होना, फूलों का फलों में और पुनः फलों का बीज में रूपांतरित होना। सहजयोग एक जीवंत प्रक्रिया है, जिसे अपने सूक्ष्म तंत्र पर जाना जाता है। शर्त केवल एक ही है की इस योग के प्रति आपको जिज्ञासु होना पड़ेगा। यह एक आधुनिक योग पद्धति है, जिसे विश्व के सभी सहजयोग केंद्रो पर पूर्णतः निःशुल्क सिखाया जाता है।

पूज्य श्रीमाताजी कहती हैं, आप मुझे अपना गुरु मत मानिये, आप खुद का गुरु बन जाइये । और आपका गुरु है, आपके हृदय में छिपा हुआ आत्म-तत्व । जब आप अपनी शुद्ध इच्छाशक्ति जागृत कर इसे मांगोगे तब आपकी मां स्वरुपिणी शक्ति जागृत होकर आपको अंदर से स्थिर, शांत और आनंदमयी बना देगी। हमारे जीवन की जो भी भौतिक समस्या है इसका केवल एक ही कारण है कि हम अंदर से अस्तव्यस्त, अत्यंत तनावपूर्ण, भयभीत और चितांग्रस्त है। इन सारी नकारात्मकताओं से घिरे रहने के कारण हम हमारे जीवन का आनंद नही ले पा रहे हैं। हमारा सत्यस्वरूप सत्तचित् आनंदमयी है। तो फिर कहां गया हमारे जीवन का वो अनुपम आनंद ? सहजयोग ध्यान के माध्यम से आप इसे पुनः प्राप्त कर सकते हैं। आप अपने हृदय पर हाथ रखकर सिर्फ इतना कहिये कि- मां मुझे मेरा आत्मसाक्षात्कार दीजिये, मेरा उस आनंद से नाता जोड़ दीजिए और दुनियादारी के इन झंझटों से मुझे मुक्त कराइये, मुझे आप वो निर्वाज्य प्रेम दीजिये÷ बस इतनी-प्रार्थना आप सच्चे हृदय से कीजिए तो आपके जीवन ये जादुई चमत्कार घटित होगा। आप जान जायेंगे कि ब्रम्हानंद क्या है अर्थात ब्रह्म का आनंद क्या होता है?, द्वन्दातीत अर्थात सुख-दुःख के द्वंद से छूटना किसे कहते है? आप गगन के सदृश्य सर्वत्र व्याप्त उस सतगुरु को जान जायेंगे और वो आपका सिखा देंगे, अनुभूत करा देंगे कि

तत् त्वम् असि अर्थात आप ही उस परम तत्व के अंग-प्रत्यंग हो, जो, जीवन में ब्रम्हानंद पाने का पूर्णतः अधिकारी है।

# कब्र के नारे, मोदी के मारेः विरोधियों की छुट्टी

5 फरवरी 2026 को राज्यसभा में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दिया, तो सदन में अचानक एक गहरा सन्नाटा छा गया। शोर-शराबे के बीच उनके भाषण ने विपक्ष पर तीखा हमला किया। यह भाषण केवल जवाब नहीं था, यह इतिहास की आँख में आँख डालने जैसा था, छुपी नफरत का बेनकाब सामना। मोहब्बत की दुकान के मोहक शब्दों के पीछे छुपा जहर और मोदी तेरी कब्र खुदेगी की कड़वी चेतावनी सीधे लोकतंत्र पर वार कर रही थी। मोदी ने मुखौटे को चीरते हुए स्पष्ट संदेश दिया–शब्द, कर्म और नीयत कभी छिप नहीं सकते। विपक्ष की ताकत और आक्रोश उस क्षण थम गए, और सदन ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना।

राजनीति में नारे अक्सर हथियार बन जाते हैं, पर कभी-कभी वे जहरीले बनकर लोकतंत्र की धमनियों में उतरते हैं। राहुल गांधी ने लगातार मोहब्बत की दुकान का नारा दोहराया। मोदी ने सीधे सवाल उठाया–यह कैसी मोहब्बत है जो मौत और खतरों का संदेश देती है? यह व्यक्तिगत विरोध नहीं, यह संवैधानिक और राष्ट्रीय अपमान है। प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि पिछले पच्चीस वर्षों में कितनी गालियाँ झेली, फिर भी विकास की गति रुकी नहीं। 140 करोड़ भारतीयों का विश्वास ही सरकार की असली शक्ति है, न कि किसी परिवार का रिमोट। यह तीखा संदेश सदन में गूंज गया और विपक्ष की आक्रोशित मुद्रा पर सन्नाटा छा गया।

कांग्रेस के लिए मानना कठिन था कि एक चायवाले का बेटा देश का प्रधानमंत्री बन गया। मोदी ने कहा–वे मान बैठे थे कि प्रधानमंत्री पद उनका जन्मसिद्ध अधिकार है। जब जनता ने वह अधिकार छीन लिया, तो नफरत की आग भड़क उठी। मोदी तेरी कब्र खुदेगी केवल नारा नहीं, यह उनके गहरे मन का सपना था। लोकतंत्र की बात करने वाले भी कभी-कभी मौत के नारे लगाते हैं। पीएम ने चेतावनी दी–इतिहास की कब्र उन्हीं के इंतजार में है। जनता सब देख रही है, समझ रही है। सदन में वॉकआउट हुआ, पर सच गूंजता रहा और हवा में लटक गया।

मोदी ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियाँ गिनाईं–आर्टिकल 370 हटाया, पूर्वोत्तर से आतंकवाद मिटाया, पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक की, नक्सलवाद पर प्रहार किया। यही वजह थी कि नफरत और कब्र के नारे उठे। उन्होंने स्पष्ट कहा–कितने भी नारे लगाओ, मेरी कब्र नहीं खोदी जा सकती। माँ-बहनों का आशीर्वाद मेरी सबसे मज़बूत ढाल है। गरीबों को घर, शौचालय, बिजली, गैस और जल जीवन मिशन मिला। 25 करोड़ लोग गरीबी की जकड़न से मुक्त हुए। कांग्रेस ने परिवार के लिए देश को दांव पर लगाया, मैं जनता के लिए जीवन समर्पित कर रहा हूँ। फर्क इतना साफ था कि बहस का कोई स्थान नहीं बचा।

प्रधानमंत्री ने भाषण में देश की आर्थिक उड़ान को भी बखूबी रेखांकित किया। स्वतंत्रता के समय छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से फिसलकर ग्यारहवें स्थान पर पहुंची भारत, आज फिर से तीसरे नंबर की ओर तेजी से बढ़ रहा है। फ्रेजाइल फाइव से विकसित भारत की राह पर, उच्च विकास दर और कम मुद्रास्फीति के साथ दुनिया भारत की ओर आकर्षित हो रही है। यूरोपीय संघ (27 देशों के साथ मदर ऑफ ऑल डील्स) और अमेरिका जैसे बड़े समझौते, भविष्य-तैयार व्यापार सौदे–ये सब वैश्विक विश्वास की निशानी हैं। मोदी ने कहा–ये उपलब्धियां विपक्ष की नजर में नहीं आतीं, इसलिए वे नफरत के नारे लगाते हैं। लेकिन 140 करोड़ भारतीयों का आशीर्वाद, गरीबों-युवाओं की ताकत ही असली ढाल है। कांग्रेस ने देश को लूटा, मैंने जनता को सशक्त बनाया। यह फर्क इतना स्पष्ट है कि कोई बहस बाकी नहीं बचती। सदन में उनकी बातें विकास की नई गूंज बन गईं। यह हमला केवल कांग्रेस पर नहीं, पूरे विपक्ष पर था। मोदी ने कहा–मोहब्बत की दुकान में आग लगी है, इसलिए कब्र के नारे उठते हैं। वे हार से जलते हैं। चुनाव हारने पर नफरत दोगुनी हो जाती है। जनता समझदार है, 140 करोड़ लोग मेरे साथ खड़े हैं। उनकी सरकार रिमोट से नहीं, जन-विश्वास से चलती है। मोदी ने मुस्कान के साथ कहा–रोज़ गालियाँ सुनता हूँ, पर स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक है। यह केवल हास्य नहीं था, यह अटूट आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प का परिचायक था। सदन में तालियों की गड़गड़ाहट गूँज उठी। विपक्ष चुप था; बहस का कोई अवसर नहीं बचा।

पीएम ने स्पष्ट संदेश दिया–नफरत से कुछ नहीं बनता। अगर मोहब्बत की दुकान कब्र खोदने वाली बन जाए, तो वह दुकान बंद होनी चाहिए। देश विकास, एकता और प्रगति चाहता है, न कि नफरत। जो लोग मोदी तेरी कब्र खुदेगी कहते हैं, वे खुद समय की कब्र में समा जाएंगे। जनता ने अपना निर्णय सुना दिया है। यह भाषण विपक्ष पर तीखा हमला और सरकार की उपलब्धियों का बयान था। मोदी ने साबित कर दिया–शब्द भी क्रांति ला सकते हैं। सदन खाली हुआ, लेकिन उनकी गूँज हवा में गूँजती रही और लोकतंत्र की चेतना में अमिट छाप छोड़ गई। हर शब्द में तीव्रता थी, हर वाक्य में दृढ़ प्रतिबद्धता। यह केवल राजनीतिक हमला नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना को जगाने का साहसिक प्रयास था। विपक्ष के नारे और झूठ कभी छिप नहीं सकते। मोदी ने साबित किया कि जनता के विश्वास और कामकाज का सामना किसी नफरत से नहीं किया जा सकता। यह भाषण इतिहास में दर्ज होगा, क्योंकि इसमें केवल जवाब नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य का संदेश था। विकास और एकता की राह में नफरत की आग को बुझाने का प्रतीक बन गया।

सदन से बाहर लोग सोच में डूबे थे, हर मन में सवाल उठ रहा था–क्या लोकतंत्र की सुरक्षा इतनी मजबूत है? मोदी ने साबित किया कि लोकतंत्र केवल संविधान में नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और नेताओं की जिम्मेदारी में जीवित रहता है। मोहब्बत की दुकान और मोदी तेरी कब्र खुदेगी जैसे नारे इतिहास में चेतावनी बनकर हमेशा गूंजेंगे। यह भाषण वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए संदेश बन गया–नफरत से कुछ नहीं बनता। देश विकास, एकता और प्रगति चाहता है। जो लोग प्रधानमंत्री की कब्र की कामना करते हैं, वे समय की कब्र में समा जाएँगे। जनता ने अपना फैसला सुना दिया है। मोदी ने साबित किया कि शब्द भी परिवर्तन ला सकते हैं। सदन खाली हुआ, पर उनकी गूँज लोकतंत्र की चेतना में अमिट छाप छोड़ गई।

**-प्रो. आरके जैन**

## तेल के इर्द-गिर्द घूमता वैश्विक जगत

विश्व की राजनीति का पूरा का पूरा चक्र आज प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से तेल और ऊर्जा संसाधनों के इर्द-गिर्द घूमता दिखाई दे रहा है। जहाँ किसी देश का लोकतंत्र, मानवाधिकार और अंतरराष्ट्रीय नियम कानून केवल कागज में दिखाई देने लगे हैं। अमेरिका के चलते जिसकी लाठी उसकी भैंस वाली कहावत चरितार्थ कर रही है। तेल और ऊर्जा संसाधन अब वास्तविक प्रेरक शक्ति,भू-राजनीतिक हित तथा ऊर्जा सुरक्षा बन गई है।

अमेरिका द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सैन्य तथा कूटनीतिक हस्तक्षेप को जब तेल भंडारों, आपूर्ति मार्गों और रणनीतिक नियंत्रण के संदर्भ में जोड़ा जाता है तब यह स्पष्ट है कि ऊर्जा संसाधनों पर प्रभुत्व वैश्विक नेतृत्व का केंद्रीय उपकरण बन गया है, यही कारण है कि रूस से तेल खरीदने के प्रश्न पर भारत जैसे संप्रभु देश पर दबाव, प्रतिबंधों की धमकी और नैतिक उपदेशों की बौछार देखने को मिली, जबकि वही देश अपने हित में नियमों की व्याख्या बदलने से नहीं हिचकते; मध्य-पूर्व लंबे समय से इस राजनीति का केंद्र रहा है जहाँ तेल के साथ-साथ अब परमाणु ऊर्जा भी शक्ति संतुलन का निर्णायक कारण बन चुकी है। ईरान द्वारा परमाणु संधियों को लेकर अपनाया गया सतर्क या असहमति वाले रुख ने उसे वैश्विक दबावों के केंद्र बना दिया है और संभावित टकराव की आशंकाएँ इसी भय से उपज की परिणति हैं कि कहीं ऊर्जा और परमाणु क्षमता का संतुलन एकतरफा न हो जाए। यूरोप से एशिया तक बड़े देश तेल आयात-निर्यात, पाइपलाइन, समुद्री मार्गों और परमाणु ईंधन की आपूर्ति को लेकर जिस तरह से खेमे में लंम्बन्ध हो रहे हैं, उससे यह प्रतीत होता है कि वैश्वीकरण के युग में भी संसाधनों की राजनीति पहले से अधिक क्लिष्ट हो गई है। ऊर्जा आत्मनिर्भरता अब केवल आर्थिक लक्ष्य नहीं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का प्रश्न बन चुकी है । यही कारण है कि विश्व की अधिकांश नीतियाँ नैतिकता से अधिक बैरल, रिएक्टर और आपूर्ति श्रृंखलाओं की भाषा में लिखी जा रही जहाँ युद्ध की आहट भी अक्सर शांति के नारों के बीच सुनाई देती है। वैश्विक राजनीति और व्यापार का आधुनिक ताना-बाना भारत, चीन, रूस, ईरान और खाड़ी देशों के ऊर्जा-केंद्रित संबंधों से और अधिक स्पष्ट हो जाता है, जहाँ तेल, गैस और परमाणु ईंधन केवल वस्तुएँ नहीं बल्कि रणनीतिक शक्ति के उपकरण बन चुके हैं। हालिया वर्षों के व्यापारिक रुझान बताते हैं कि भारत ने अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए रूस से कच्चे तेल का आयात बढ़ाया, जिससे उसे अपेक्षाकृत सस्ती ऊर्जा मिली और घरेलू अर्थव्यवस्था को संबल मिला, जबकि यही कदम पश्चिमी देशों को असहज करता रहा, दूसरी ओर चीन ने रूस और ईरान दोनों के साथ दीर्घकालिक ऊर्जा और अवसंरचना समझौतों के माध्यम से अपने उद्योग और आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित किया है। जिससे वह वैश्विक विनिर्माण में अपनी बढ़त बनाए रख सके, रूस जो प्रतिबंधों के बीच नए बाज़ार तलाश रहा है।

**-संजीव ठाकुर**

# देश की हॉस्पिटल व्यवस्था में मुनाफ़ाख़ोरी, इंश्योरेंस और सरकारी व्यवस्था का दुरुपयोग और आम आदमी की बेबसी

आज देश की हॉस्पिटल व्यवस्था जिस हालत में पहुँच चुकी है, वह किसी एक व्यक्ति की पीड़ा नहीं, बल्कि करोड़ों आम नागरिकों का साझा अनुभव बनती जा रही है। इलाज, जो कभी सेवा और संवेदना का क्षेत्र माना जाता था, अब धीरे-धीरे मुनाफ़े का ऐसा संगठित उद्योग बन चुका है, जहाँ इंसान की बीमारी से ज़्यादा उसकी जेब, उसका इंश्योरेंस और उसका सामाजिक दर्जा देखा जाता है। बड़े-बड़े निजी अस्पतालों की चमक-दमक, एयर-कंडीशन्ड गलियारे और आधुनिक मशीनें बाहर से भले ही तरक्की का भ्रम पैदा करती हों, लेकिन भीतर एक ऐसी व्यवस्था काम कर रही है जो आम आदमी के लिए किसी आर्थिक यातना से कम नहीं है।

आज अगर कोई साधारण व्यक्ति किसी बड़े अस्पताल में इलाज कराने जाता है, तो सबसे पहला सवाल उसकी बीमारी को लेकर नहीं, बल्कि उसकी भुगतान क्षमता को लेकर होता है। रिसेप्शन पर, एडमिशन काउंटर पर या डॉक्टर से मिलने से पहले ही यह पूछा जाता है कि आपके पास हेल्थ इंश्योरेंस है या नहीं, आप सरकारी नौकरी में हैं या प्राइवेट, कैश में भुगतान करेंगे या कैशलेस। इस एक सवाल के जवाब से मरीज का पूरा इलाज तय हो जाता है। जैसे ही यह स्पष्ट होता है कि मरीज इंश्योरेंस कवर में है या किसी सरकारी/कॉर्पोरेट स्कीम के अंतर्गत आता है, अस्पताल का रवैया पूरी तरह बदल जाता है। इलाज की जगह एक योजनाबद्ध कमाई की प्रक्रिया शुरू हो जाती है।

इंश्योरेंस होने का मतलब होना चाहिए सुरक्षा, लेकिन आज के समय में यह कई निजी अस्पतालों के लिए खुली छूट का लाइसेंस बन चुका है। ज़रूरत से ज़्यादा महँगी दवाइयाँ लिख दी जाती हैं, जिनके सस्ते और समान प्रभाव वाले विकल्प आसानी से उपलब्ध होते हैं। ऐसे-ऐसे टेस्ट कराए जाते हैं जिनका न तो बीमारी से सीधा संबंध होता है और न ही इलाज की दिशा तय करने में कोई ठोस भूमिका। एमआरआई, सीटी स्कैन, बार-बार की ब्लड जाँच, स्पेशल पैनल टेस्ट–सब कुछ ÷रूटीन÷ के नाम पर जोड़ दिया जाता है। मरीज और उसके परिजन डॉक्टर की बात पर आँख मूँदकर भरोसा करते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि डॉक्टर उनके भले के लिए ही ऐसा कर रहे हैं, जबकि हकीकत कई बार इससे उलट होती है।

सबसे चिंताजनक स्थिति तब बनती है, जब मरीज की हालत में सुधार हो जाने के बावजूद उसे अस्पताल में रोके रखा जाता है। जो मरीज सामान्य परिस्थितियों में चार-पाँच दिन में डिस्चार्ज हो सकता है, उसे जानबूझकर दस-पंद्रह दिन तक भर्ती रखा जाता है। कारण साफ़ है–जितने ज़्यादा दिन भर्ती, उतना ज़्यादा बिल। बेड चार्ज, नर्सिंग चार्ज, डॉक्टर विज़िट, दवाइयाँ, कंज़्यूमेबल्स–हर दिन के साथ बिल फूलता चला जाता है। मरीज की सेहत से ज़्यादा ध्यान अब इस बात पर होता है कि इंश्योरेंस क्लेम की सीमा पूरी तरह इस्तेमाल हो जाए।

इस पूरी प्रक्रिया में आम आदमी सबसे ज़्यादा असहाय होता है। उसे न तो मेडिकल ज्ञान होता है और न ही अस्पताल की जटिल बिलिंग प्रणाली को समझने की क्षमता। अगर कोई सवाल करता है तो उसे डराया जाता है कि इलाज प्रभावित हो सकता है, या फिर तकनीकी शब्दों में ऐसा उलझा दिया जाता है कि वह चुप रह जाना ही बेहतर समझता है। कई बार मरीज के परिजन यह भी महसूस करते हैं कि उन्हें जानबूझकर भ्रम में रखा जा रहा है, लेकिन बीमार व्यक्ति की जान दाँव पर लगी हो तो विरोध करने का साहस बहुत कम लोग कर पाते हैं।

सरकारी अस्पतालों की स्थिति भी कोई बहुत संतोषजनक नहीं है। वहाँ इलाज सस्ता या मुफ्त तो है, लेकिन भीड़, संसाधनों की कमी और अव्यवस्था के कारण मरीजों को घंटों लाइन में लगना पड़ता है। बेड की कमी, स्टाफ की कमी और दवाइयों की अनुपलब्धता के चलते कई लोग मजबूरी में निजी अस्पतालों की ओर रुख करते हैं। इस मजबूरी का फायदा निजी अस्पताल बखूबी उठाते हैं। एक तरह से सरकारी व्यवस्था की कमजोरी, निजी लूट को और मज़बूत कर रही है।

स्वास्थ्य बीमा योजनाएँ, जिनका उद्देश्य आम आदमी को आर्थिक सुरक्षा देना था, आज कई मामलों में उल्टा असर डाल रही हैं। इंश्योरेंस कंपनियाँ और अस्पतालों के बीच एक अघोषित गठजोड़ सा दिखाई देता है, जिसमें मरीज सिर्फ़ एक माध्यम बनकर रह जाता है। फर्जी या बढ़ा-चढ़ाकर बनाए गए बिल, अनावश्यक प्रक्रियाएँ और पैकेज सिस्टम के नाम पर तयशुदा लूट–ये सब अब अपवाद नहीं, बल्कि आम चलन बनते जा रहे हैं। दुखद यह है कि इस पूरे खेल में नैतिकता कहीं पीछे छूट जाती है।

यह भी देखने में आता है कि एक ही बीमारी के इलाज का खर्च अलग-अलग मरीजों के लिए अलग-अलग होता है। जिसके पास इंश्योरेंस नहीं है, उसके लिए इलाज कम खर्च÷ में समेट दिया जाता है, और जिसके पास इंश्योरेंस है, उसके लिए वही बीमारी कई गुना महँगी हो जाती है। इससे बड़ा विरोधाभास और क्या हो सकता है? बीमारी तो एक-सी है, इलाज भी लगभग वही है, लेकिन बिल में ज़मीन-आसमान का अंतर सिर्फ़ भुगतान के स्रोत के कारण।

इस स्थिति का सबसे भयावह पहलू यह है कि धीरे-धीरे लोगों का चिकित्सा व्यवस्था से भरोसा उठता जा रहा है। डॉक्टर, जिन्हें कभी भगवान का दर्जा दिया जाता था, अब शक की नज़र से देखे जाने लगे हैं। हर पर्ची, हर टेस्ट और हर सलाह पर सवाल उठने लगा है कि यह ज़रूरी है या सिर्फ़ कमाई का ज़रिया। यह अविश्वास पूरे समाज के लिए खतरनाक है, क्योंकि बिना भरोसे के कोई भी व्यवस्था लंबे समय तक टिक नहीं सकती।

सरकार की ज़िम्मेदारी यहाँ बेहद अहम हो जाती है। स्वास्थ्य को सिर्फ़ बाज़ार के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। सख्त रेगुलेशन, पारदर्शी बिलिंग सिस्टम और प्रभावी निगरानी के बिना निजी अस्पतालों पर अंकुश लगाना मुश्किल है।

इलाज की दरों, बेड चार्ज, टेस्ट और दवाइयों की कीमतों पर स्पष्ट और कड़ाई से लागू होने वाले नियम होने चाहिए। इंश्योरेंस क्लेम की प्रक्रिया में स्वतंत्र ऑडिट और शिकायत निवारण की मजबूत व्यवस्था अनिवार्य होनी चाहिए, ताकि मरीज को न्याय मिल सके।

इसके साथ-साथ सरकारी अस्पतालों को मज़बूत करना भी उतना ही ज़रूरी है। जब तक आम आदमी को भरोसेमंद, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण सरकारी स्वास्थ्य सेवाएँ नहीं मिलेंगी, तब तक वह निजी अस्पतालों की लूट का शिकार होता रहेगा। स्वास्थ्य को खर्च नहीं, बल्कि निवेश मानकर देखना होगा–निवेश, जो देश की सबसे बड़ी पूंजी, यानी उसके नागरिकों के जीवन में किया जाता है।

आखिर में सवाल सिर्फ़ व्यवस्था का नहीं, बल्कि सोच का भी है। क्या हम इलाज को सिर्फ़ मुनाफ़े का साधन मानने को तैयार हैं, या फिर उसे इंसानियत और सेवा से जोड़कर देखना चाहते हैं? अगर समय रहते इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो वह दिन दूर नहीं जब बीमारी से ज़्यादा डर इलाज के बिल से लगने लगेगा। और जब इलाज डर का कारण बन जाए, तब समझ लेना चाहिए कि व्यवस्था गंभीर रूप से बीमार हो चुकी है–और उसका इलाज अब टालना, पूरे समाज के लिए घातक साबित हो सकता है।

**- डॉ. प्रियंका सौरभ**

# राजकोषीय मजबूती के आंकड़ों के पीछे की कहानी और बाकी बड़े सवाल

वर्ष 2026 के बजट के राजकोषीय आंकड़े उम्मीदों के साथ-साथ कई सवाल भी पैदा करते हैं। जैसा कि चालू वित्त वर्ष के संशोधित अनुमान में दर्शाया गया है, सकल राजकोषीय घाटे का आंकड़ा सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी का 4.4 फीसदी है और इसी में आशाएं निहित हैं। सराहनीय बात यह है कि यह लक्ष्य उस वर्ष की उथलपुथल के बावजूद हासिल किया गया है, जब सकल कर संग्रह बजट अनुमान से 4.5 फीसदी कम रहा। परंतु हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि यह उपलब्धि व्यय में तीव्र कटौती के माध्यम से हासिल की गई है (राजस्व व्यय बजट अनुमान की तुलना में 1.9 फीसदी घटा और पूंजीगत व्यय 2.2 फीसदी कम हुआ) तथा गैर-कर राजस्व में 14.6 फीसदी की अच्छी वृद्धि हुई, जिसका मुख्य कारण भारतीय रिजर्व बैंक और सरकारी बैंकों से प्राप्त अधिक लाभांश है।

ऐसे में सवाल तब पैदा होंगे जब आप2025-26 में सरकारी की प्राप्तियों और व्यय के घटकों पर करीबी नजर डालेंगे। रक्षा, रेल और सड़क जैसे कुछ क्षेत्रों को छोड़ दिया जाए तो सरकार चालू वर्ष के दौरान बजट आवंटन का बड़ा हिस्सा खर्च करने में विफल रही है। 100 फीसदी से लेकर 25 फीसदी तक की कमी चिंताजनक है, विशेष रूप से तब जब प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य अवसंरचना, शहरी और ग्रामीण आवास, सिंचाई, नदियों का परस्पर जोड़, पेयजल मिशन, ग्रामीण सड़कें, ग्रामीण आजीविका योजनाएं, परमाणु ऊर्जा परियोजनाएं, दूरसंचार अवसंरचना, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस मिशन, सेमीकंडक्टर विकास परियोजना, उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन योजनाएं, निवेश और अवसंरचना कोष, अनुसंधान, विकास और नवाचार योजना, तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए आपातकालीन ऋण सुविधाएं शामिल हैं।

राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल करना हमेशा वांछित रहता है। परंतु इस वर्ष कई अहम योजनाओं और क्षेत्रों के व्यय में कटौती की गई है जिससे यह सवाल उठता है कि क्या योजनाएं सही ढंग से डिजाइन की गई थीं? अगर हां तो सरकार देश के आर्थिक विकास के लिए अहम मानी जाने वाली परियोजनाओं के लिए आवंटित धन को खर्च करने में क्यों विफल रही? दिसंबर 2025 के अंत तक, राज्यों के पास 53 योजनाओं के करीब 69,000 करोड़ रुपये बिना इस्तेमाल किए पड़े थे।

इनका कुल आवंटन करीब 5 लाख करोड़ रुपये था। इन योजनाओं के लिए 2025-26 के संशोधित अनुमान में आवंटन को 25 फीसदी से अधिक घटाकर 3.76 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। ऐसी योजनाओं के अंतर्गत राज्यों द्वारा धन का उपयोग न किया जाना, उनमें खर्च की कमी का एक कारण हो सकता है। लेकिन निश्चित रूप से एक अधिक विस्तृत मूल्यांकन आवश्यक है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि योजनाएं केवल कागज पर अच्छी दिखने के लिए घोषित न की जाएं और बजट में वित्तीय आवंटन पर ही जोर न हो बल्कि वास्तव में जमीनी स्तर पर फर्क पैदा करें।

गैर-कर राजस्व में वृद्धि के स्रोतों की गहन जांच आवश्यक है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसी बढ़ोतरी टिकाऊ बने। सरकार के कुल गैर-कर राजस्व का लगभग 45 फीसदी केवल एक मद से आता है जो है रिजर्व बैंक और सरकारी बैंकों से प्राप्त लाभांश। सरकार की सकल प्राप्तियों को मजबूत करने के लिए गैर-कर राजस्व पर बढ़ती निर्भरता एक स्वस्थ प्रवृत्ति है, लेकिन यह वृद्धि केवल एक क्षेत्र, रिजर्व बैंक या कुछ सरकारी बैंकों पर निर्भर नहीं होनी चाहिए। गैर-कर राजस्व में वृद्धि विभिन्न सरकारी सेवाओं से प्राप्त शुल्क और आय तथा गैर-वित्तीय क्षेत्र की सार्वजनिक उपक्रमों से भी होनी चाहिए।

2026-27 के लिए राजकोषीय आंकड़े कैसे दिखते हैं? आने वाले वर्ष के सकल कर राजस्व के आंकड़े सतर्क प्रतीत होते हैं, यदि सरकार के अर्थव्यवस्था की नॉमिनल वृद्धि के 10 फीसदी अनुमान को ध्यान में रखा जाए। वर्ष 2025-26 में 8 फीसदी नॉमिनल वृद्धि के साथ, सरकार का सकल कर संग्रह 7.46 फीसदी बढ़ने या जीडीपी के 11.4 फीसदी पर रहने का अनुमान है। 2026-27 के लिए 10 फीसदी नॉमिनल वृद्धि के अनुमान के साथ, सरकार सकल कर संग्रह में 8 फीसदी से कम वृद्धि हासिल करने की उम्मीद करती है, जो जीडीपी का 11.2 फीसदी होगा। राजस्व संबंधी अनुमान यथार्थवादी प्रतीत होते हैं। या फिर क्या उनमें उन संभावित व्यवधानों या वृद्धि में मंदी को ध्यान में रखा गया है जो आने वाले वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती हैं? स्वाभाविक रूप से, सरकार को उम्मीद है कि 2026-27 में उत्पाद शुल्क लगभग 16 फीसदी बढ़ेगा, संभवतः 1 फरवरी से लागू सिगरेट करों में भारी वृद्धि और पेट्रोलियम उत्पादों पर करों में संभावित बढ़ोतरी के आधार पर यह उम्मीद जताई गई है। सीमा शुल्क राजस्व में करीब 5 फीसदी वृद्धि अनुमानित है, जो 2025-26 में देखी गई वृद्धि के करीब आधी है। यह कई वस्तुओं पर सीमा शुल्क दरों को युक्तिसंगत बनाए जाने को दर्शाता है। यद्यपि जिन वस्तुओं पर आयात शुल्क घटाया गया है उनकी संख्या पिछले बजट में घोषित वस्तुओं से कम है।

आगामी वर्ष के राजस्व अनुमानों में चिंताजनक प्रवृत्ति वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में है, जो बजट के अनुसार 2025-26 में दर्ज 1.32 फीसदी की गिरावट के बाद और 2.58 फीसदी का संकुचन दिखाएगा। सितंबर 2025 में जीएसटी को युक्तिसंगत बनाए जाने से अपेक्षित उत्साह अभी तक नजर नहीं आया है। इसके विपरीत, व्यक्तिगत आयकर संग्रह, जो 2025-26 में 10.9 फीसदी बढ़ा था, उसमें 2026-27 में लगभग 11.74 फीसदी इजाफे का अनुमान है।

गैर-कर राजस्व के मोर्चे पर, सरकार अब अपनी प्राप्तियों को बढ़ाने के लिए रिजर्व बैंक या सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से मिलने वाले लाभांश पर कम निर्भर दिखाई देती है। वास्तव में, 2026-27 में सरकार के गैर-कर राजस्व लगभग अपरिवर्तित रहेंगे, यद्यपि रिजर्व बैंक लाभांश में मामूली वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। लेकिन 2026-27 में लगभग 80,000 करोड़ रुपये का विनिवेश या परिसंपत्ति मुद्रीकरण में बड़ी वृद्धि हासिल करना इस पर निर्भर करेगा कि सरकार अपनी परिसंपत्ति बिक्री रणनीति कितनी अच्छी तरह तैयार करती है और संख्याएं जितनी आक्रामक रणनीति का संकेत देती हैं, उसके खिलाफ राजनीतिक प्रतिरोध को कैसे संभालती है। वर्ष 2026-27 के लिए पूंजीगत व्यय का अनुमान भी यथार्थवादी बना हुआ है।

**-धनंजय राजौरा**

# लालघाटी पुलिस की बड़ी सफलता, सनसनीखेज हत्या का किया खुलासा

## 24 घंटे के भीतर हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** दिनांक 04.02.2026 को फरियादी सोनू पिता लालजीराम मालवीय, निवासी ग्राम बामनिया खेड़ी, द्वारा थाना लालघाटी, जिला शाजापुर पर सूचना दी गई कि उसका भाई राजेश मालवीय पिता लालजीराम मालवीय ग्राम राघवेल के पास लखुंदर नदी की पुलिया के नीचे मोटरसाइकिल सहित मृत अवस्था में पड़ा है। मृतक के शरीर पर चोटों के निशान थे तथा शरीर से रक्तस्त्राव हो रहा था।

सूचना पर थाना लालघाटी पर मर्ग क्रमांक 04/2026 धारा 194 बीएनएसएस पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया। मर्ग जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि मृतक राजेश मालवीय की हत्या अज्ञात व्यक्तियों द्वारा की गई है। उक्त आधार पर दिनांक 05.02.2026 को थाना लालघाटी पर अपराध क्रमांक 17/2026 धारा 103(1), 238(ब) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

पुलिस अधीक्षक शाजापुर यशपाल सिंह राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शाजापुर अजय कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह मुजाल्दे के नेतृत्व में हत्या के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल पर एफएसएल टीम एवं फिंगर प्रिंट टीम की सहायता ली गई, साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए एवं सायबर सेल से तकनीकी जानकारी प्राप्त की गई। विवेचना के दौरान संदेह के आधार पर आरोपी रविन्द्र मालवीय पिता कालूराम मालवीय, जाति बलाई, निवासी ग्राम टुंगनी, राहुल मालवीय पिता गोपीलाल मालवीय, निवासी ग्राम टुंगनी, को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ के दौरान आरोपी रविन्द्र मालवीय ने बताया कि उसकी पत्नी आरती को मृतक राजेश मालवीय परेशान करता था तथा उसे गुजरात मजदूरी करने साथ ले गया था।

# उज्जैन के झीतरखेड़ी में कल आयोजित होगा विशाल सर्व रोग निदान महास्वास्थ्य शिविर

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कल, 7 फरवरी 2026 (शनिवार) को उज्जैन के ग्राम झीतरखेड़ी में एक दिवसीय ÷विशाल सर्व रोग निदान महास्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

यह शिविर माननीय सांसद श्री अनिल फिरोजिया जी के मार्गदर्शन में अमलतास मेडिकल कॉलेज एवं सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, देवास तथा स्व. श्री भूरेलाल जी फिरोजिया सामाजिक एवं शोध संस्था, उज्जैन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है।

इस शिविर में हृदय रोग, कैंसर और मस्तिष्क रोग जैसी गंभीर बीमारियों का निःशुल्क परामर्श और सोनोग्राफी, इसीजी, एक्सरे , खून पेशाब की जांच की जाएगी। साथ ही अमलतास आयुर्वेदिक एवं होम्योपेथिक अस्पताल के द्वारा भी निशुल्क परामर्श दिया जायेगा।

साथ ही शिविर के अगले दिन चिह्नित मरीजों का निशुल्क इलाज किया जायेगा एवं अस्पताल तक जाने हेतु निःशुल्क बस सेवा भी उपलब्ध रहेगी। शिविर में आने वाले मरीज अपनी पुरानी जांच रिपोर्ट, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, वोटर कार्ड और आधार कार्ड साथ अवश्य लाएं।

विद्यायक मा. डॉ. सतीश मालवीय जी ने समस्त क्षेत्रवासियों से अपील की है कि इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं और अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराएं। यह आगामी शिविर श्री झुण्डेश्वर महादेव देवनारायण मंदिर, ग्राम झीतरखेड़ी, तह. घटिया, उज्जैन, सुबह 10 बजे से 3 बजे रहेगा।

## जिला अस्पताल देवास में क्लबफुट प्रभावित 120 बच्चों का निःशुल्क हुआ उपचार

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला अस्पताल देवास में अप्रैल-2025 से अब तक 120 क्लबफुट प्रभावित बच्चों का निःशुल्क उपचार किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि शासन द्वारा संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत शासकीय महात्मा गांधी जिला अस्पताल देवास में क्लबफुट उपचार क्लिनिक अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से विगत 3 वर्षो से आयोजित किये जा रहे हैं।

क्लबफुट अर्थात टेढे पैर होना- राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत क्लबफुट योजना में जन्मजात विकार वाले बच्चों का पता लगाकर जिला चिकित्सालय के जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र पर विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा प्लास्टर, टेंडन सर्जरी तथा विशेष जूते (ब्रिसिंग) के माध्यम से बच्चों के पैरों को सीधा किया जाता है। इसमें बच्चे के पैर में 6 से 8 बार प्लास्टर चढाकर उसे सही स्थिति में लाया जाता है। आवश्यकतानुसार टेंडन सर्जरी की जाती है। पैर सीधा होने के बाद दोबारा टेढ़ा होने से रोकने के लिए विशेष जूते (ब्रेसिंग) 4 साल तक पहननें की सलाह दी जाती है। प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जिला चिकित्सालय देवास में क्लबफुट क्लिनिक का आयोजन किया जाता है। आरबीएसके नोडल अधिकारी डॉ सुनील तिवारी ने बताया कि अप्रैल 2025 से आयोजित क्लिनिकों में कुल 120 क्लबफुट से प्रभावित बच्चों का निःशुल्क उपचार किया गया। इनमें से 105 बच्चों का प्लास्टर, कास्टिंग किया गया। 90 बच्चों की टेनोटॉमी प्रक्रिया (टेंडन सर्जरी) की गई।

# देवास में किसानों, उद्यमियों और खरीदारों को एक साझा मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किसान मेला का आयोजन हुआ



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उप संचालक कृषि ने बताया कि किसानों, उद्यमियों और खरीदारों को एक साझा मंच प्रदान करने के उद्देश्य से देवास में भरतखंड कन्सॉर्श्यम एवं किसान मेला का आयोजन किया गया। जिससे कृषि उत्पादों, तकनीकी नवाचारों और व्यावसायिक अवसरों का आदान-प्रदान हो सके। इस अवसर पर अपर कलेक्टर देवास श्री संजीव कुमार जैन, डायरेक्टर सोपा श्री डीएन पाठक, वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र श्री आरपी शर्मा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

अपर कलेक्टर श्री संजीव जैन ने किसान मेला के उद्देश्य की सराहना करते हुए कहा की यह एक महत्वपूर्ण पहल है,जो किसानों को बाजार से जोड़ने का अवसर प्रदान करता है। भरतखंड कंसोर्टियम का गठन किसान उत्पादक संगठनों , को संस्थागत मजबूती, व्यवसाय विकास और बाज़ार से जोड़ने के उद्देश्य से किया गया है। देवास में भरतखंड एफपीओ हब की स्थापना की गई है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के किसान उत्पादक संगठनों को व्यवसायिक मजबूती, बाज़ार से जोड़ना और किसानों की आय बढ़ाने के लिए समेकित सहयोग प्रदान करना है।

किसान मेला में खरीदारों और विक्रेताओं के बीच प्रत्यक्ष संवाद हुआ, जिससे व्यापारिक अवसरों के विस्तार और कृषि उत्पादों के विपणन को नई दिशा मिली। इस दौरान सोया उत्पादों एवं अन्य कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। खरीदारों और विक्रेताओं के बीच व्यावसायिक समझौते हुए। कृषि विभाग, उद्यानिकी, पशुपालन विभाग, आत्मा एवं वित्तीय संस्थाओं द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया।

# अमलतास होम्योपैथिक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर को ISO 9001-2015 प्रमाणन


QRO QUALITY RESEARCH ORGANIZATION

Certificate of Registration

This is to certify that

AMALTAS HOMOEOPATHIC HOSPITAL AND RESEARCH CENTRE

AMALTAS UNIVERSITY CAMPUS, UJJAIN- DEWAS HIGHWAY, BANGAR VILLAGE DEWAS, 455001, INDIA

has been independently assessed by QRO and is compliant with the requirement of:

ISO 9001:2015

Quality Management System

For the following scope of activities:

PROVIDING N.C.H RECOGNISED MEDICAL EDUCATION - BHMS 100 SEATS, HOSPITAL SERVICES- SUBJECT WISE OPDS, INDOOR PATIENT CARE, FULLY EQUIPPED PATHOLOGY LAB, RADIOLOGY UNIT, PHYSIOTHERAPY UNIT, YOGA SERVICES.

Certificate Number: 305025112970Q

QRO EGAC IAF

Head of Certification

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अमलतास यूनिवर्सिटी कैंपस, उज्जैन-देवास हाईवे स्थित अमलतास होम्योपैथिक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर को गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के लिए ISO 9001-2015 का प्रतिष्ठित प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह प्रमाणन क्वालिटी रिसर्च ऑर्गनाइजेशन द्वारा स्वतंत्र मूल्यांकन के उपरांत प्रदान किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन महोदय ने कहा कि ISO प्रमाणन संस्थान की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं सतत सुधार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यह उपलब्धि शिक्षण, चिकित्सा सेवाओं एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली में उच्च मानकों को अपनाने का परिणाम है।

संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. योगेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि प्रमाणन के अंतर्गत संस्थान की एनएबीएच मान्यता प्राप्त चिकित्सा शिक्षा, विषयवार ओपीडी सेवाएँ, इनडोर रोगी देखभाल, पूर्णतः सुसज्जित पैथोलॉजी लैब, रेडियोलॉजी यूनिट, फिजियोथेरेपी यूनिट एवं योग सेवाओं का गहन मूल्यांकन किया गया, जिसमें संस्थान सभी मानकों पर खरा उतरा।

ISO 9001-2015 प्रमाणन से मरीजों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के विश्वास में वृद्धि होगी तथा संस्थान भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा एवं उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने हेतु निरंतर प्रयासरत रहेगा।

# सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम संपन्न, मंच से महिलाओं को किया गया सम्मानित



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई दुपाड़ा मार्ग शाजापुर पर विद्याभारती की योजनानुसार शाजापुर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बीकेएसएन कॉलेज की प्रोपेसर डॉ. मीनू गिडवानी, भारती शर्मा, अध्यक्षता बीकेएसएन कॉलेज प्रोफेसर .डॉ सीता बोराडिया एवं कार्यक्रम की संयोजिका रचना बहल मंचासीन रहे।

कार्यक्रम में 200 माताओं कि सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ । कार्यक्रम की भूमिका एवं परिचय विद्यालय वरिष्ठ दीदी मनीषा सोलंकी द्वारा किया गया । प्रस्तावना में कार्यक्रम संयोजिका रचना बहल द्वारा नारी के विभिन्न रूपों लक्ष्मी सरस्वती काली अन्नपूर्णा के संदर्भ में नारी को समाज की आधारशिला बताया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ गिडवानी ने विषय पर अपने वक्तव्य में गीता में वर्णित नारी के सप्तगुण कीर्ति, श्री, वाक, स्मृति, मेधा, धृति, क्षमा गुण कि व्याख्या करते हुए कहा कि नारी समाज कि आधारशिला है। प्राचीनकाल में नारी ने गुरु के पद को भी शुशोभित किया है वर्तमान में इन सात गुणों को जीवन में उतारकर नारी द्वारा समाज कि दशा एवं दिशा दोनों बदलकर एक सशक्त राष्ट का निर्माण नारी द्वारा संभव है। पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज में नव चेतना का संचार संभव है। मातृभाषा से बच्चों की बौद्धिक क्षमता का विकास होता है।

भारत के विकास में महिलाओ कि भूमिका विषय पर अपने विचार रखते हुए भारत कि महान नारियो के प्रेरणादायी कार्यो का उल्लेख किया एवं देवी अहिल्याबाई की न्याय प्रियता, रानी लक्ष्मीबाई के शोर्य एवं सावित्री बाई फुले के शिक्षा संघर्ष को सभी के समक्ष रखा। दीदी द्वारा माताओं को सोशल मीडिया के सुरक्षा के बारे में भी बताया गया,

कुटुंब प्रबंधन में भारती शर्मा दीदी द्वारा परिवार को धुरी बताते हुए कहा कि समाज सशक्त बनाने की बात कहीं आपसी सौहार्द्र एवं सदभाव द्वारा समाज एवं राष्ट को विकसित बनाकर परम वैभव तक पहुंचाया जा सकता हैं वर्तमान परिस्थितियों में समाज को मजबूत बनाने के लिए संयुक्त परिवार की महत्ती आवश्यकता है

कार्यक्रम में शाजापुर शहर कि सामान्य जानकारी एवं अन्य विषयों पर रोचक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। जिसमे सही जवाब देने वाली माताओं को मंच से पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के मध्य में वाली ,एवं भारत कि महान नारी जीजाबाई शिवाजी एवं ध्रुव माता सुनीति प्रहलाद माता कायदु एवं लव कुश माता सीता के ऊपर भैया बहनों वेशभूषा के साथ लघु नाटिका की प्रस्तुति दी प्रतिरूप दर्शन बहिनों के द्वारा एकल अभिनय के माध्यम से कक्षा नवमी की बहन दिया सिंह तोमर द्वारा भगवान श्री कृष्ण की गीत प्रस्तुति दी गई। कक्षा सप्तम के बहनों द्वारा राष्ट्गीत पर अपनी मनमोहक नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। संयुक्त परिवार के लिए सोरम बाई गोस्वामी एवं वीर प्रसूता आशा देवी राठौर को मंच से सम्मान किया गया।

भारतीय संस्कृति के प्रति गौरव का भाव एवं सप्त गुणों के विकास का संकल्प मुख्य वक्ता डॉ. गिडवानी द्वारा दिलवाया गया। संचालन मनीषा सोलंकी, सामूहिक गीत लीना भट्ट दीदी, पूजा पाटीदार दीदी एवं किरण गोस्वामी दीदी प्रस्तुत किया किया गया आभार शिशु वाटिका प्रमुख संगीता पाटीदार ने माना।

## परीक्षा पर चर्चा का प्रसारण दिखाया गया



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में आज दिनांक 6 फरवरी को उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश अनुसार महाविद्यालय के उपस्थित छात्र छात्राओं को परीक्षा पर चर्चा का प्रसारण दिखाया गया । जिसमें माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा विद्यार्थियों में आत्मविश्वास ,सकारात्मक सोच तथा मानसिक एवं भावनात्मक विकास को प्रोत्साहित करते हुए परीक्षा के तनाव को कम करने और परीक्षा के अनुभव को एक उत्सव के रूप में साझा किया। उक्त प्रसारण दिखाते समय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस पी एस राणा , आईटी नोडल अधिकारी एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ संजय गाडगे, डॉ आर एस अनारे, डॉ आर के मराठा, दीपक अटारिया के साथ महाविद्यालय के स्टाफ और छात्रा छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम की जानकारी जितेंद्र सिंह राजपूत ने दी।

## दलहन क्षेत्र के राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों का वरिष्ठ अधिकारियों ने लिया जायजा



**सीहोर /दैनिक मालवा हेराल्ड।** सीहोर जिले के अमलाहा स्थित ईकार्डा परिसर में 07 फरवरी को आयोजित होने वाले दलहन राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों का प्रमुख सचिव कृषि श्री संजय अग्रवाल, सचिव कृषि श्री अविनाश लवानिया, कलेक्टर श्री बालागुरू के. एवं एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सम्मेलन के विभिन्न व्यवस्थागत पहलुओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उद्घाटन समारोह स्थल, मंच व्यवस्था, अतिथि आगमन एवं स्वागत प्रोटोकॉल, फील्ड विज़िट मार्ग, प्रदर्शनी परिसर, तकनीकी सत्र हेतु ऑडिटोरियम व्यवस्थाएँ, सुरक्षा प्रबंधन, पार्किंग, यातायात नियंत्रण, पेयजल, विद्युत आपूर्ति तथा मीडिया समन्वय जैसी व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सम्मेलन में देश-प्रदेश से आने वाले मंत्रीगण, वैज्ञानिकों, कृषि विशेषज्ञों एवं किसानों की उपस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए सभी व्यवस्थाएँ उच्च स्तर की एवं समयबद्ध सुनिश्चित की जाएँ। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, संकेतक व्यवस्था एवं आगंतुक सुविधा केंद्र स्थापित करने के भी निर्देश दिए, ताकि सम्मेलन में आने वाले प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री नितिन टाले, इकार्डा के डायरेक्टर डॉ शिवकुमार अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जिलों में पेंशन कार्यालय बंद नहीं करने के लिए प्रमुख पेशंनर्स एसोसिएशन ने जोरदार नारेबाजी एवं प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रमुख पेंशनर्स एसोएिशन जिला शखा शाजापुर द्वारा दिनांक शुक्रवार को प्रांतीय निकाय के आव्हान पर शाजापुर मुख्यालय के समस्त पेंशनर्स जिला कलेक्टर कार्यालय शाजापुर में एकत्रित हुऐ एवं जोरदार नारेबाजी कर जिलों में पेंषन कार्यालय बंद नहीं करने संबंधी ज्ञापन मुख्यमंत्री एवं प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन भोपाल के नाम अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनुपमा चैहान को जिलाध्यक्ष रघुवीरसिंह पंवार के नेत्रत्व में सौंपा गया।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की है कि प्रदेष के सभी जिलों में 01 अप्रेल 2026 से जिला पेंशन कार्यालय जिला स्तर पर बंद किये जा रहे है जिससे सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अब पेंषन एवं पीपीओ प्राप्त करने के लिए भोपाल के चक्कर लगाने पड़ेगें इसलिए संघठन ने यह मांग की जिला स्तर पर जिला पेंषन कार्यालयों को बंद नहीं किया जाए, साथ ही अन्य मोंगों में केन्द्र के समान जुलाई 2025 से 3 प्रतिशत राहत राशि एवं एरियर का भुगतान किया जावें। 01 जुलाई 2019 से जून 2025 तक कि मंहगाई राहत की अवषेष राषि दी जाए साथ ही जिला स्तर पर पेंशनर्स फोरम गठित की जाकर उसकी नियमित बैठक की जायें एवं विद्युत मण्डल के पेंषनरों को राज्य के कर्मचारियों की भॉति जिला पेंषन कार्यालय के माध्यम से पेंषन एवं स्वत्वों का भुगतान किया जाए। ज्ञापन सौंपते समय सरंक्षकगण टी.आर सिसोदिया, राजेन्द्र शर्मा , दीवान सिंह यादव, संतोष सचान, जिला महामंत्री तिलोक चन्द्र भालोट,जिला सचिव कीरत सिंह बुंदेला ,महिला प्रकोष्ठ संरक्षक संतोष शर्मा, उपाध्यक्ष हरीष ठोमरे, अनिल शर्मा, अजय पोल, पुलिस प्रकोष्ठ के अध्यक्ष भगवान पुरी गौस्वामी, भगवान सिंह पाटीदार, प्रभुलाल सूर्यवंषी, पूर्व अपाक्स प्रांतध्यक्ष कैलाषचन्द्र सूर्यवंषी, रामाषय जाटव, राजाराम आंजना, लक्ष्मीनारायण स्वामी, राजेन्द्र सक्सेना, सिद्धनाथ शर्मा, इेष्वरलाल जाट, पर्वतसिंह काले, सौदान सिंह, स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष संजय अष्ठाना, चन्दर सिंह परमार, वासुदेव देषमुख, सैयद साजिद अली, अषोक जोषी, मप्र वि.मण्डल पेंष्नर सचिव मनोहर सिंह नायक, गोपाल देव?ा, अरविन्द श्रीवास्तव, प्रमोद षितुत, पन्नालाल राठौर, रामनारायण मगरौर, कमल किषोर कटारिया, लालषंकर मेहता, नारायण सिंह मारू, मनोहरलाल शर्मा, संजय बोस, अषोक गंधारे, बाबूलाल वर्मा, बालचन्द्र सौराष्ट्ऊीय, लक्ष्मण गवली, महेन्द्र सिंह सिसोदिया, महेषपाल सिंह डोडिया सहित अनेक पेंषनरगण उपस्थित थे।

## जिले के युवा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ लेकर स्वयं का उद्योग स्थापित करें

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद ने बताया कि मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ लेने के लिए जिले के शिक्षित युवा ऑनलाइन आवेदन शासन के पोर्टल samast.mponline.gov.in के माध्यम से कर सकते रहे है। उन्होंने बताया कि विनिर्माण/सेवा/खुदरा व्यवसाय क्षेत्र का उद्यम स्थापित करने के लिये देवास जिले के इच्छुक 18 से 45 वर्ष के शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियॉ जो आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, 8वीं की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो), समग्र आयडी, पेनकार्ड, मूल निवासी प्रमाण पत्र, बैंक खाता पासबुक, आयकरदाता प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो इत्यादि के साथ उद्योग/सेवा/व्यवसाय की प्रोजेक्ट रिर्पोट के साथ samast.mponline.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आवश्यक अर्हताए - योजना का लाभ लेने के लिए आवदेक मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिये। आवेदन दिनांक को आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य हो। न्यूनतम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण हो। परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रूपये से अधिक न हो । इस योजना अंतर्गत हितग्राहियों को प्राप्त ऋ्रण पर परियोजना प्रारंभ होने के उपरांत 3 प्रतिशत की दर से अधिकतम 7 वर्षो तक ब्याज अनुदान तथा प्रचलित दर पर ष्टत्र्ञ्जस्स्थ्र शुल्क अधिकतम 7 वर्षो तक देय होगा। इस योजना के अंतर्गत विनिर्माण क्षेत्र मे 50 हजार रूपये से 50 लाख रूपये तक एवं सेवा क्षेत्र/खुदरा व्यवसाय हेतु 50 हजार रूपये से 25 लाख रूपये तक का ऋ्रण बैंक के माध्यम से परियोजना प्रांरभ करने हेतु उपलब्ध होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, वृद्धाश्रम के पास राजोदा रोड देवास में कार्यालयीन समय में आकर संपर्क कर सकते हैं।

## घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए निरंतर की जा रही है छापामार कार्रवाई

**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. के निर्देशानुसार घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न व्यावसायिक संस्थानों, होटलों एवं प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसाय के लिए उपयोग करने वाली दुकानों एवं संस्थानों की जांच कर उपयोग किए जा रहे घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए जा रहे हैं एवं कार्रवाई की जा रही है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री आकाश चंदेल ने बताया कि जांच के दौरान कुबेरेश्वर धाम स्थित 06 दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर कार्रवाई करते हुए 09 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

# दलहन क्षेत्र का राष्ट्रीय सम्मेलन 7 फरवरी को सीहोर के अमलाहा में

**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सीहोर जिले के अमलाहा में 07 फरवरी को दलहन उत्पादन एवं उत्पादकता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श के लिये एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में दलहन क्षेत्र की मूल संवेदनाओं, वर्तमान चुनौतियों तथा भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री, देश के प्रमुख दलहन उत्पादक राज्यों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारीगण, दलहन अनुसंधान से जुड़े वैज्ञानिक, सरकारी बीज उत्पादक संस्थाएँ, दाल उद्योग से संबंधित प्रतिनिधि एवं अन्य सहयोगी एजेंसियाँ भाग लेंगी।

सम्मेलन के लिए जारी कार्यक्रम अनुसार उद्घाटन समारोह की शुरुआत प्रातः 10ः15 बजे से होगी। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा 10ः15 से 10ः45 बजे तक उन्नत कृषि तकनीकों एवं फसल किस्मों का अवलोकन करने हेतु फील्ड विज़िट की जाएगी, जिसमें किसानों से संवाद भी किया जाएगा।

इसके उपरांत 11ः05 से 11ः20 बजे के मध्य अतिथियों द्वारा प्रशासनिक भवन, किसान प्रशिक्षण केंद्र तथा प्लांट जीनोमिक्स, प्लांट टिश्यू कल्चर, प्लांट ब्रीडिंग एवं प्लांट पैथोलॉजी प्रयोगशालाओं सहित विभिन्न अधोसंरचनाओं का लोकार्पण किया जाएगा। इसके बाद 11ः25 से 11ः40 बजे तक दलहन के उन्नत बीज, उत्पाद एवं तकनीकों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया जाएगा।





मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ 11ः45 बजे दीप प्रज्वलन के साथ होगा। इसके पश्चात राष्ट्रीय दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का परिचय, आईसीएआरडीए के कार्यों का विवरण, नई तकनीकों के उपयोग पर प्रस्तुतीकरण तथा पल्सेस मिशन पोर्टल का लोकार्पण किया जाएगा। साथ ही केंद्रीय कृषि मंत्री द्वारा उत्कृष्ट 05 किसानों को सम्मानित किया जाएगा एवं उन्नत बीजों का वितरण भी किया जाएगा।

इसके पश्चात ऑडिटोरियम में आयोजित तकनीकी सत्र में प्रगतिशील किसानों, एफपीओ प्रतिनिधियों, बीज उत्पादकों, पल्सेस मिलर एसोसिएशन एवं वैल्यू एडिशन विशेषज्ञों द्वारा विचार रखे जाएंगे। उन्नत किस्मों को किसानों तक पहुँचाने की रणनीति, दलहनी फसलों में रोग प्रबंधन, एमएसपी पर समय पर उपार्जन, बीज उत्पादन संवर्धन, यंत्रीकरण प्रोत्साहन तथा अनुसंधान संस्थाओं के योगदान जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी। इसके बाद शाम 04ः40 बजे सम्मेलन का समापन होगा।

ये मंत्री होंगे शामिल- अमलाहा में आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन में केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि विकास एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी, मध्यप्रदेश के कृषि मंत्री श्री एदल सिंह कंसान, उड़ीसा के कृषि मंत्री श्री कनक वर्धन सिंह देव, पंजाब के कृषि मंत्री श्री सरदार गुरमीत सिंह खुडियन, छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री श्री रामविचार नेतम, बिहार के कृषि मंत्री श्री राम कृपाल यादव, गुजरात के कृषि मंत्री श्री रमेशभाई कटारा, उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही, हरियाण के कृषि मंत्री श्री श्याम सिंह राणा, पश्चिम बंगाल के कृषि मंत्री श्री सोवानदेव चट्टोपाध्याय शामिल होंगे।

# अपनी ही भूमि से अवैध अतिक्रमण क्यों नहीं हटा पा रहा राजस्व विभाग...

### सरपंच पति द्वारा अवैध तरीके से ताना गया गोडाउन राजस्व विभाग को दे रहा खुली चुनौती




**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** अवैध रूप से शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने पर अतिक्रमणकर्ता के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त राजस्व विभाग के अधिकारी अर्थात तहसीलदार करवाते है।

अर्थात भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने में राजस्व अधिकारी सक्षम है लेकिन बड़नगर तहसील में ऐसा लग नहीं रहा है की राजस्व के अधिकारी भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने में सफल हो रहे हैं क्योंकि जब यह अधिकारी अपने राजस्व की भूमि को ही अतिक्रमण से मुक्त नहीं करवा पा रहे हैं तो फिर इनसे आगे उम्मीद ही क्या की जा सकती है आपको बता दे की ग्राम बिरियाखेड़ी में शासकीय भूमि सर्वे नंबर 602 पर वर्तमान सरपंच राधाबाई के पति मनोहर परमार द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर वहां पर लगभग 5000 स्क्वायर फीट का गोडाउन तान दिया जिसकी शिकायत गांव के पूर्व सरपंच रतनलाल गहलोत द्वारा की गई थी जिस पर कार्यवाही करते हुए तहसीलदार रुपाली जैन में पटवारी के माध्यम से उक्त सर्वे नंबर 602 का सीमांकन करवाकर रिपोर्ट प्राप्त की जिसमें पटवारी ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया है कि भूमि सर्वे नंबर 602 पर ग्राम पंचायत बीरा खेड़ी के सरपंच राधाबाई के पति मनोहर परमार एवं उनके पिता मोहनलाल पिता मांगीलाल जाति सीरवी द्वारा 30 बाय 16 मीटर अर्थात 480 वर्ग मीटर जो कि लगभग 5164 स्क्वायर फिट होता है पर अवैध अतिक्रमण किया गया पटवारी द्वारा अपनी रिपोर्ट दिनांक दिनांक 15 जनवरी 2026 को तहसीलदार रुपाली जैन को दे दी गई थी और तहसीलदार रुपाली जैन ने मिडिया को बयान दिया था कि सरपंच पति का अवैध अतिक्रमण पाया गया है 3 दिन का सूचना पत्र जारी किया गया है जवाब संतोषप्रद नहीं होने पर बेदखली की कार्रवाई की जाएगी लेकिन लेकिन करीब 20 से 25 दिन बीतने के बाद भी उक्त अतिक्रमण पर तहसीलदार द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाना गांव में जन चर्चा का विषय बना हुआ है लोगों में ऐसी चर्चा है कि अतिक्रमण हटाने कार्रवाई में देरी करना कहीं अधिकारियों द्वारा इसमें लीपापोती तो नहीं की जाएगी..? अब इस बात की जानकारी तो राजस्व विभाग के अधिकारी ही दे सकते हैं कि वह अपनी भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर बनाए गए गोडाउन को तोड़कर अपनी भूमि का कब्जा प्राप्त करते हैं या कार्यवाही में लीपा पोती होगी। फिलहाल तो शासकीय भूमि में बना अवैध गोदाम राजस्व विभाग को मुंह चिढ़ाते हुए खुली चुनौती दे रहा है कि हटा सकते हो तो हटा दो अब देखना यह होगा कि राजस्व विभाग इस चुनौती को स्वीकार करता है या फिर लीपा पोती करता है यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

# होली पर्व को लेकर 10 मोहल्लों व 40 गांवों में पुलिस ने ली मिटींग

### मंदिरो में किमती सामग्री एवं नगदी रूपये नही रखने की दी दिहायत




**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** आगामी त्यौहारो को शांति पूर्ण तरिके से मनाये जाने एवं वर्तमान में सोना चाँदी के भाव में वृद्धि होने पर धार्मिक स्थलो की सुरक्षा हेतु मोहल्ला मिटींग स्छ्हक्क महेन्द्र सिंह परमार के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार द्वारा बडनगर थाना क्षेत्र में स्थित बड़े मंदिरो की सुरक्षा हेतु गाँवो में मोहल्ला मिटींग ली जाकर लोगो से चर्चा की गई ।

पुलिस कार्यवाही - बड़नगर पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारीयो के निर्देशन में आगामी त्यौहारो को मध्य नजर रखते हुये हुडदंग करने वाले आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियो को चिन्हीत कर उनके विरूद्ध प्रतिबन्धात्मक कार्यवाही कर बाउण्ड ओव्हर कराया गया है । वर्तमान में सोना चाँदी के भावो में वृद्धि होने के कारण एवं अन्य सामाजीक समस्याओं को लेकर थाना क्षेत्र के गाँवो में मोहल्ला समिती मिटींग का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणजनो की मोहल्ला मिटींग ली जा कर गाँव में स्थित मंदिर में सुरक्षा इन्तजाम को लेकर चर्चा की गई एवं मंदिर पुजारियो को समझाईश दी गई की रात्री के समय मंदिरो में भगवान को सोना चाँदी के जेवर नही पहनाए एवं रात्री के समय मंदिरो में नगदी रूपये नही रखे तथा अपने साथ ले जावे । गाँव में अन्य किसी भी प्रकार की समस्या को लेकर ग्रामीणजनो से चर्चा कर समझाईश दी गई की यदि गाँव में कोई अनजान व्यक्ति या संदिग्ध व्यक्ति घुमता दिखे तो उसे रोक टोक कर उससे पुछताछ करे यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति पाया जाता है तो तत्काल पुलिस या डायल 112 पर सूचना करे । गाँवो में लोगो से चर्चा कर आगामी त्यौहारो को शांति पूर्ण तरिके से मनाने की समझाईश दी गई है । उक्त कार्यवाही थाना क्षेत्र के मोरवाल कॉलोनी, बुद्धेश्वर मंदिर, किला माता मंदिर, कोर्ट चोराहा, संकट मोचन हनुमान मंदिर हजारी बाग, माली सेरी, अडान मोहल्ला, गांधी चौक, आजाद चौक, महात्मा गांधी मार्ग एवं देहात के गाँव ग्राम भोमलवास, भाण्डतलावसी, बीरगोदा रणधीर, पीरझलार, कुनगारा, अर्जुनाखेडी, पिटलावदिया, बिरीयाखेडी, पिपलू, भिडावद-02, जलोदिया, असावता, लोहारीया, अकोलिया, अमला, बंगरेड, दोतरू, जान्दला, जाफला, सतवासा, नावदा, मोलाना, उमरिया, जस्साखेडी, मिठीखेडी, बडगारा, खण्डवासुरा, बालोदाआरसी आदि इन स्थानो पर मोहल्ला समिती एवं मंदिर समिती की मिटींग ली गई है ।

सराहनीय भूमीका- इस कार्यवाही में SDOP महेन्द्र सिंह परमार, थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार, उनि सोभाग सिंह पंवार, उनि हेमन्त कुमार कटारा, उनि विकास देवड़ा, उनि सुरेन्द्र सिंह गरवाल, उनि चाँदनी पाटीदार, सउनि गोवर्धन दास बैरागी, सउनि नारायण सिंह वास्कले, सउनि सदार सिंह, सउनि राजेन्द्र सिंह हाडा, सउनि सुनिल देवके, प्र.आर.प्रदीप डामोर, प्र.आर.रामनारायण चौहान, आर.नितेश रायकवार, आर.महेश मोर्य, आर.तोलाराम, आर.हितेश हाडा की सराहनीय भूमिका रही ।

## परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री ने की विद्यार्थियों से चर्चा



**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार 6 फरवरी को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों से संवाद किया। इसके साथ ही परीक्षा से जुड़े तनाव और शंकाओं का समाधान भी किया। सम्पूर्ण प्रदेश के विद्यालयों में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत ग्वालियर जिला मुख्यालय पर भी जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय उमावि क्र.-1 मुरार में आयोजित किया गया। ग्वालियर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका सतेन्द्र सिंह घुरैया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती पुष्पा ढोड़ी, सहायक परियोजना समन्वयक श्री जे पी व्यास, प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय श्री प्रबुद्ध गर्ग, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विद्यार्थियों से कहा कि सपनों को देखना जरूरी है परंतु उसे पूरा करने के लिये कर्म भी करना होगा। महापुरुषों की जीवनी पढ़नी होंगीं ताकि पता चल सके कि कितनी मेहनत से आगे बढ़ा जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने देश में निर्मित वस्तुओं का गौरव करना होगा तभी सम्पूर्ण विश्व गौरव करेगा। नई-नई टेक्नोलॉजी का सही उपयोग करके ही जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है। ग्वालियर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों ने उपस्थित होकर परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को गंभीरता से सुना।

## माउंटेनियरिंग प्रमाण पत्र प्रदान किया



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** 21 एमपी बटालियन एनसीसी रतलाम के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राघवेंद्र सिंह और लेफ्टिनेंट कर्नल संदीप अहलावत ने एनसीसी कैडेट जया महार को नेहरू इंस्टिट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग उत्तरकाशी उत्तराखंड में बेसिक माउंटेनियरिंग कोर्स व इंडियन हिमालया सेंटर फॉर एडवेंचर एंड इको ट्यूरिज्म ढ्ढ॥ष्टश्व नामची सिक्किम में एडवांस्ड माउंटेनियरिंग कोर्स सफलतापूर्वक पूरा करने पर प्रमाण पत्र प्रदान कर बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अक्षय तृतीया पर परिणय सूत्र में बंधेंगे मालवीय बलाई समाज के नवयुगल, 20 अप्रैल को होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

**देपालपुर/ अंकित भोला परमार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अक्षय तृतीया के अवसर पर सकल मालवीय बलाई विकास सामूहिक विवाह समिति के तत्वाधान में 33वां सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन स्थानीय बालाजी मंदिर बदीपुरा में 20 अप्रैल को सुबह 9 बजे आयोजित किया जा रहा हैं। जिसमे समाज के नवयुगल यज्ञ बेदी के फेरे लेकर एक दूसरे को अपना जीवन साथी चुनेंगे। अक्षय तृतीया के अवसर पर 20 अप्रैल को स्थानीय बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित किया जा रहा हैं। वैकुंठवासी पंडित नंदकिशोर पंचोली के सानिध्य में पंडित दीपक पंचोल के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विवाह करवाया जाएगा। समिति के कोषाध्यक्ष तेजराम पँवार ने बताया की समिति विगत 32 वर्षो से सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन करती आ रही है जिसमे अब तक 2500 से अधिक समाज बंधुओं के विवाह किए जा चुके हैं। इसी श्रंखला में इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के अवसर पर भी समाज का सामूहिक सम्मेलन आयोजित किया जा रहा हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल रखी गई हैं। पँवार ने बताया कि समाज को आर्थिक संपन्न बनाने एवं समाज मे व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के लिए प्रयासरत हैं। समाजजनों को सामूहिक विवाह सम्मेलन में ही अपने बालिक युवक-युवतियों का विवाह करने का आव्हान किया। समिति द्वारा अलमारी, पलंग, बर्तन, रकम, सहित गृहस्थी का सामान प्रदान किया जाएगा। रतनलाल चौहान, जितेंद्र सोलंकी, रामेश्वर सोलंकी, मुकुटसिंह सिसोदिया, पोपसिंह मालवीय, हीरासिंह चौहान, यशवंत चौहान, चंदरसिंह चौहान, भैरू सिंह चौहान, सरदारसिंह चौहान लीलेड़ी, सुनील परमार सरपंच रावद, रतनलाल परमार सियासा आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की हैं।

# किसान पाठशाला में मिली सीख से बदल गई तकदीर



**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कक्षा-10 तक पढने के बाद नौकरी की तलाश में भटक रहीं अंगूरी बाई बघेल का जीवन आत्मा परियोजना के तहत चल रही किसान पाठशाला में बदल गया। किसान पाठशाला में समय बिताने के लिए पहुंची अंगूरी बाई को मिली खेती की शिक्षा ने उनका जीवन बदल दिया। अब अंगूरी बाई बघेल खुद खेती, मुर्गी पालन एवं मछली पालन से हर साल लाखों रूपये कमा रही हैं। अगूंरी बाई बघेल ने बताया कि वह विकासखण्ड भितरवार के भरथरी गांव में रहती हैं। कक्षा 10 वीं के बाद उसने नौकरी करने का विचार किया। इस दौरान उसने नौकरी के लिए तीन-चार साल तक कई जगह चक्कर लगाए लेकिन नौकरी नहीं मिली। इसी दौरान गांव में आत्मा परियोजना के तहत गांव में किसान पाठशाला लगाई गई थी। सूचना मिलने पर अंगूरी देवी भी इस पाठशाला में पहुंच गई और वहां पर दो दिन का प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण के बाद अंगूरी बाई ने स्वयं की एक एकड जमीन में धान की खेती की। इस खेती से अंगूरी को काफी लाभ हुआ। इसके बाद दूसरे साल अंगूरी ने एसडब्ल्यूआई पद्धति से गेहूं की खेती की। इस विधि से अंगूरी को सामान्य विधि से उगाए जाने वाले गेहूं से अधिक पैदावार मिली। इसके बाद अंगूरी को आत्मा परियोजना के अधिकारियों ने उद्यान विभाग से जोड़ा, जिसके बाद दो बीघा में अमरूद का बाग लगाया। वर्ष 2022 में बागीचे से 60 तो 2023 में 70 हजार रूपये की कमाई हुई। इसके साथ ही एक बीघा में नीबू एवं 70 पेड आंवला के लगाए, जिससे उन्हें अतिरिक्त कमाई होने लगी। इसके साथ ही अंगूरी बाई ने आधा बीघा में थाई बेर लगाए एवं आधा बीघा में सिंघाणा की खेती की, जिससे उन्हें अतिरिक्त कमाई हुई। अंगूरी बाई ने अपने खेत में बने तालाब में मछली एवं मुर्गी पालन भी किया है। मुर्गी एवं मछली पालन से उन्हें बेहतर आमदनी हो रही है।

# कलेक्टर ने रंगई सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र का किया निरीक्षण, कृषि रथ गतिविधियों में शामिल हुए



**विदिशा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने आज रंगई स्थित सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण कर यहां संचालित गतिविधियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष रूप से कृषि रथ भ्रमण के माध्यम से किसानों को दी जा रही जानकारी और जागरूकता कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने प्रशिक्षण केंद्र में उपलब्ध संसाधनों, प्रशिक्षण मॉड्यूल, प्रदर्शन सामग्री और किसानों की सहभागिता के बारे में अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने देखा कि कृषि रथ के माध्यम से गांव-गांव जाकर किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत बीज, फसल सुरक्षा उपाय, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, जैविक खेती एवं शासन की विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने विभागों के अधिकारियों से कहा कि - कृषि रथ किसानों तक सीधे पहुँचकर ज्ञान और तकनीक का प्रसार करने का एक प्रभावी माध्यम है। इससे किसान नई विधियों को समझकर उत्पादन बढ़ा सकते हैं और खेती की लागत घटा सकते हैं।

उन्होंने मौजूद महिला और पुरुष कृषकों से कहा कि यहां जो जानकारियां दी जा रही उनका अपने खेतों में क्रियान्वयन कर नवाचारों से लाभान्वित होकर कृषि आमदनी में वृद्धि करें। उन्होंने परिणामोन्मुख की ओर अग्रसर होने की अपील की ताकि किसान वास्तव में नई तकनीकों को अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकें।

गौरतलब हो कि राज्य सरकार के निर्णय अनुसार वर्ष 2026 को ष् कृषि कल्याण वर्षष् के रूप में मनाया जा रहा है। जिले के प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर एक-एक कृषि रथ का संचालन किया जाना है। जिसका उद्देश्य किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के मध्य सीधा संपर्क स्थापित करना,कृषकों को नवीन तकनीक एवं नवाचार की जानकारी देना, खेती में आने वाली परेशानियों का निराकरण करना, नवीन एवं वैज्ञानिक तकनीक सुधार की जानकारी कृषकों तक पहुँचाना है। जायद, खरीफ एवं रबी फसलों की बुवाई के एक माह पूर्व प्रत्येक विकासखण्ड में कृषि रथ चलाकर एकीकृत रूप से योजनाओं एवं कृषि संबंधित गतिविधियों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

कृषि रथ संचालन के मुख्य आधार स्तंभ के बिन्दु के तहत जैविक खेती एवं प्राकृतिक कृषि क्षेत्रो का विस्तार ।एकीकृत पोषक, तत्व एवं रोग प्रबंधन।फसल विविधीकरण को बढावा देना।

# डबरा में निर्मित नवग्रह शक्ति पीठ पर आयोजित कार्यक्रमों की तैयारियों का कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण



**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के डबरा में निर्मित नवग्रह शक्ति पीठ मंदिर का शुभारंभ 10 फरवरी को कलश यात्रा के साथ होगा। आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह ने प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा की विशेष उपस्थिति में डबरा पहुँचकर निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं, पार्किंग व्यवस्था, हैलीपेड व्यवस्था के साथ-साथ आने वाले श्रद्धालुओं के लिये मूलभूत व्यवस्थाओं पर भी विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने नवग्रह शक्ति पीठ मंदिर में 10 फरवरी से आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। इसके साथ ही बड़ी संख्या में मंदिर परिसर आने वाले श्रद्धालुओं के लिये भी किए गए प्रबंधनों के बारे में जानकारी ली। मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं के संबंध में भी पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा से विस्तार से चर्चा कर की गई व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्रीमती चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने आयोजन में सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था एवं हैलीपेड पर की गई व्यवस्थाओं के संबंध में भी निरीक्षण किया और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि नवग्रह शक्ति पीठ में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके पुख्ता प्रबंध किए जाएं। पार्किंग व्यवस्था एवं अन्य स्थलों पर भी पेयजल की समुचित व्यवस्था हो। प्रकाश व्यवस्था भी सभी जगह हो यह सुनिश्चित किया जाए। पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने नवग्रह शक्ति पीठ के शुभारंभ अवसर एवं अन्य दिनों में आयोजित होने वाले धार्मिक आयोजनों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष ग्रामीण श्री कौशल शर्मा, श्री वीरेन्द्र जैन, श्री नितिन आनंद वशिष्ठ, श्री विवेक मिश्रा, श्री सुकर्ण मिश्रा, श्री मुकेश परिहार, श्री बंटी गौतम सहित अपर कलेक्टर श्री कुमार सत्यम, एडीएम श्री सी बी प्रसाद सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।


# कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.स्वा.यां. संधारण खण्ड नगर पालिक निगम उज्जैन

**प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संघारण खण्ड नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन निविदाओं का आंमत्रण लोक निर्माण विभाग में 'सी' श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नानुसार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी एस.ओ.आर. दिनांक 02.08.2021 से प्रतिशत आधार, आईटम रेट आधार एवं लमसम आधार पर किया जाता हैं।**

| नि.स.क्रं . | प्रपत्र का प्रकार | कर्ठ्य का विवरण | कार्य की अनु लागत | प्रतिभूति राशि | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र का मूल्य | पमयावधि | निविदा क्रय की अंतिम तिथि | दर प्रस्तुत करने की अंतिमतिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_478243_1 | 2.10 | बड़नगर पंपिंग स्टेशन पर पॉवर फेक्टर सुधार कार्य हेतु नवीन ए. सी.एफ.सी. पेनल स्थापना कार्य। | 661524/- | 13230/- | 2000/- | 02 माह | 18.02.2026 | 18.02.2026 |
| 2026_UAD_479349_1 | 2.10 | उज्जैन शहर में स्थित हेण्डपंपों का वार्षिक संधारण कार्य। | 7249950/- | 72500/- | 10000/- | 12 माह | 18.02.2026 | 18.02.2026 |

**निविदा संबंधित अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा सूचना की जानकारी वेब साईट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन दर्शाई गई हैं।**

**कार्यपालन यंत्री**
**लो.स्वा.यां. संधा. खण्ड न.पा.नि. उज्जैन**

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम उज्जैन**

# जिले के रामा विकासखण्ड में जैविक उपज विक्रय हाट बाजार का आयोजन



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में प्राकृतिक खेती तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत साप्ताहिक जैविक हाट बाजार का आयोजन 6 फरवरी को रामा विकासखण्ड मुख्यालय पर किया गया है। इसमें बिना रासायनिक खाद, कीटनाशक रहित उगाए गए दाले, मसाले, फल, सब्जी, अनाज की बिक्री प्रमुख केंद्र रही। जैविक उपज बाजार का संचालन अंचल के जैविक, पारंपरिक, प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों द्वारा किया गया।

कलेक्टर नेहा मीना द्वारा विशेष पहल करते हुए जिले में जैविक उपज का साप्ताहिक बाजार लगाने के निर्देश कृषि, उद्या निकी जैसे कृषिगत विभागों को दिए गए। कलेक्टर के निर्देशों के पालन में 06 फरवरी 2026 शुक्रवार को दशहरा मैदान रामा में पृथक से जैविक उपज का हाट बाजार लगाया गया। जैविक बाजार में अंचल के जैविक और प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों ने अपनी गुणवत्ता और पोषण से युक्त खा?द्यान सामग्री आमजन को विक्रय के लिए उपलब्ध कराई। साप्ताहिक रूप से पृथक से लगाए गए जैविक उपज बाजार में किसानों द्वारा अपने खेत में उगाई देशी मक्का, अरहर दाल, उड़द दाल, मूंग की जैविक दाले, देशी चावल, कोदो, देशी किस्म की सेम, बैगन, अमरूद, देशी टमाटर, गाजर, मक्का के भुट्टे जैसे उत्पाद सुलभ कराए गए थे। इन जैविक उत्पादों की गुणवत्ता अंचल के आमजनों के लिए आकर्षण का केंद्र रही।

जिले के उप संचालक कृषि श्री एन एस रावत ने स्वयं जैविक उपज बाजार में उपस्थित होकर अंचल के किसानों का उत्साहवर्धन करते हुए जैविक उपज सीधे किसानों से खरीदी। श्री रावत ने कहा कि हर आम जागरूक व्यक्ति बिना रासायनिक खाद के उगाए गए खा?द्यान्न, फल और सब्जी का उपयोग करना चाहता है। जिले में कई किसान, स्वयं सहायता समूह जैविक और प्राकृतिक खेती के माध्यम से सब्जियों, फलों तथा कोदो, कॅगनी, रागी जैसे अनाजों की खेती कर रहे हैं। जैविक बाजार के माध्यम से जैविक और प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को अपने जैविक उत्पादों की बिक्री के लिए उचित स्थान प्राप्त होता है। जिससे जैविक खेती करने वाले किसानों को अपनी उपज का समुचित दाम प्राप्त होने से उनके जैविक खेती करने के मनोयोग को संबल मिलेगा, अन्य कृषक भी जैविक खेती करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। किसानों के मध्य जैविक और प्राकृतिक उत्पाद बेचने के लिए भरपूर उत्साह था और उनके द्वारा आमजनता से इस सुविधा का लाभ उठाने का आव्हान भी किया। जैविक बाजार में अपनी उपज विक्रय करने के लिए मुख्य रूप से ग्राम पलासड़ी के अनिल रामसिंह, ग्राम साड से कमती खुमान, नवापाड़ा रोटला के पुंजा भाभर जैसे अग्रणी पंक्ति के किसानों ने अपनी उपज विक्रय के लिए भागीदारी दर्ज की।

साप्ताहिक रूप से आयोजित होने वाले जैविक बाजार में कृषि विभाग के सहायक संचालक श्री एस.एस.रावत, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ज्वाला सिंगाड़, तकनीकी प्रबंधक श्री राजेश भूरिया, आरती गणावा, अमीषा चौहान द्वारा सक्रिय सहभागिता दर्ज करते हुए अपनी महती भूमिका निर्वाहित की गई।

## निःशुल्क हृदय रोग एवं कटे होंठ तालू उपचार का शिविर संपन्न



**खरगोन/ अंजु त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय खरगोन के जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में 06 फरवरी को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के माध्यम से निशुल्क हृदय रोग एवं कटे होंठ तालू, हर्निया, हाइड्रोसील, टंगटाई जैसी जन्मजात विकृति से ग्रसित बच्चों की जांच एवं उपचार हेतु निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दौलत सिंह चौहान ने बताया कि शिविर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीमों द्वारा चिन्हित जन्मजात विकृति से ग्रसित बच्चों को लाया गया था। जिसमें श्री अरविंदो अस्पताल इंदौर एवं लाहोटी अस्पताल भोपाल के चिकित्सकों द्वारा बच्चों की जांच कर सर्जरी हेतु चयनित किया। जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र के मैनेजर विनोद पंवार ने बताया कि शिविर में कुल 80 बच्चों का पंजीयन किया गया। जिसमें 40 बच्चों को सर्जरी के लिए चिन्हित किया गया है। जिसमें हृदय रोग से ग्रसित 22 बच्चों को चिन्हित डीआर संजुक्ता भार्गव द्वारा ईको जांच की गई है। इन बच्चों के प्रकरण मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना अंतर्गत बनाए गए। जिसमें शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सपना सिंह एवं मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. मयंक पाटीदार द्वारा बच्चों को जांच कर प्रकरण वेरीफाई किये गए। इन बच्चों की सर्जरी श्री अरविंदो अस्पताल इंदौर में की जाएगी।

शिविर में लाहोटी अस्पताल भोपाल के डॉ. निशांत गिरते ठाकुर द्वारा भी बच्चों की जांच की गई। जिसमें कटे होंठ तालू के 12 बच्चे, टंगटाई (चिपकी हुई जीभ) के 2 बच्चे, हर्निया के 2 बच्चे, हाइड्रोसील का 1 बच्चा तथा हाइपोसीडियस का 1 बच्चा सर्जरी के लिए चयनित हुआ है।

इन बच्चों को लाहोटी अस्पताल भोपाल द्वारा भोपाल ले जाया जा हरहा है, जिनकी दो से चार दिन में सर्जरी की जाएगी। बच्चों को चिन्हित कर शिविर तक लाने एवं कैंप को सफल बनाने में आरबीएसके टीम की विशेष भूमिका रही। शिविर में सिविल सर्जन डॉ. राजकुमारी देवड़ा, आरबीएसके के नोडल अधिकारी डॉ. धीरेंद्र सोनी, डॉ. विवेक पाटील, हॉस्पिटल मैनेजर अजमेर सिंह ओहरिया उपस्थित रहे।

## प्रोजेक्ट जलधारा का परियोजना स्तरीय वार्षिक सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

**धार/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा के मार्गदर्शन में सिप्ला फाउंडेशन के सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत बाएफ लाइवलीहुड्स, मध्यप्रदेश द्वारा संचालित प्रोजेक्ट जलधारा के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ग्राम पंचायत फरसपुरा (ग्राम सादराबाद) में परियोजना-स्तरीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। जनवरी 2024 में प्रारंभ हुए इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट जलधारा के माध्यम से ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों ने बीते दो वर्षों में जल संरक्षण, जल प्रबंधन एवं आजीविका संवर्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन अनुभव किया है। इसी उपलब्धि को साझा करने एवं सहभागी हितधारकों को एक मंच पर लाने हेतु यह सम्मेलन ग्रामवासियों द्वारा आयोजित किया गया। अतिथियों का पारंपरिक स्वागत, ग्रामीणों ने साझा किए अनुभव कार्यक्रम में विकासखंड एवं जिला-स्तरीय शासकीय विभागों के प्रतिनिधि, सिप्ला फाउंडेशन तथा बाएफ लाइवलीहुड्स के वरिष्ठ अधिकारी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों का ग्रामवासियों द्वारा पारंपरिक स्वागत गीत के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। सम्मेलन के दौरान ग्रामीणों ने स्वयं अपनी जुबानी प्रोजेक्ट जलधारा से आए सकारात्मक बदलावों जल उपलब्धता, सिंचाई सुविधा, कृषि उत्पादकता एवं आय वृद्धि के अनुभव साझा किए। फरसपुरा ग्राम पंचायत बनी विकास का मॉडलरू ग्राम पंचायत फरसपुरा की सरपंच श्रीमती संतोषी चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि ÷सिप्ला फाउंडेशन के सहयोग एवं बाएफ लाइवलीहुड्स के तकनीकी मार्गदर्शन से ग्राम पंचायत फरसपुरा आज एक मॉडल ग्राम पंचायत के रूप में उभरी है।

## ममता सखी वैलाली बाई की मेहनत लाई रंग ग्राम औसाडा के 8 कुपोषित बच्चों को मिला नया जीवन



**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्राम औसाडा में ममता सखी श्रीमती वैलाली बाई ज्ञानासिंह और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साझा प्रयासों से कुपोषण के खिलाफ जंग में बड़ी सफलता मिली है। अपनी निरंतर समझाईश और समर्पण से उन्होंने अब तक 08 अत्यंत गंभीर कुपोषित बच्चों को एन.आर.सी. (पोषण पुनर्वास केन्द्र) पाटी में भर्ती कराकर उनका सफल उपचार कराया है। मुख्य बिंदु और सफलता के आंकड़े ऽ सफल उपचार - अप्रैल 2025 से अब तक कुल 08 बच्चों को एन.आर.सी. भेजा गया। ऽ सकारात्मक परिणाम - 06 बच्चे पूरी तरह स्वस्थ होकर श्सामान्यश् श्रेणी में आ चुके हैं। ऽ वर्तमान स्थिति - 23 जनवरी 2026 को भर्ती कराए गए 02 बच्चों का उपचार वर्तमान में एन.आर.सी. पाटी में जारी है। ऽ सुविधाएँ - बच्चों को निःशुल्क इलाज, दवा और पौष्टिक भोजन के साथ-साथ माताओं को प्रवास के दौरान भोजन एवं मजदूरी क्षतिपूर्ति राशि भी प्रदान की जा रही है। चुनौतियों पर पाई जीत प्रारंभ में बच्चों के माता-पिता एन.आर.सी. जाने को लेकर संकोच में थे। ममता सखी वैलाली बाई, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नीमाबाई और बसंती धनगर ने घर-घर जाकर माता-पिता की काउंसलिंग की। उन्हें शासन की योजनाओं और एन.आर.सी. में मिलने वाली सुविधाओं के प्रति आश्वस्त किया, जिसके बाद अभिभावक बच्चों के इलाज के लिए तैयार हुए। निरंतर प्रयास का संकल्प पोषण सखी वैलाली बाई का कहना है कि परिवारों से मिलने वाली यह दुआएं और बच्चों की मुस्कान ही उनकी असली प्रेरणा है। वे आगे भी परियोजना पाटी और जिला बड़वानी को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए इसी प्रकार निरंतर कार्य करती रहेंगी।

## राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत आयुर्वेदिक एड-ऑन थैरेपी से सिकल सेल एनीमिया के 1545 रोगियों को किया गया लाभान्वित



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आयुष मंत्रालय, भारत शासन के आदेशानुसार सिकल सेल एनीमिया राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत जिले में सिकल सेल एनीमिया से प्रभावित रोगियों को समन्वित एवं पूरक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर नेहा मीना के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आयुष विभाग द्वारा इस दिशा में विशेष अभियान संचालित किया गया।

मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त सिकल सेल पॉजिटिव रोगियों की सूची के अनुसार विगत तीन माह से आयुष विभाग की समस्त आयुष संस्थाओं द्वारा घर-घर जाकर संपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत सिकल सेल एनीमिया से ग्रसित रोगियों को एलोपैथिक उपचार के साथ एड-ऑन थैरेपी के रूप में आयुर्वेदिक औषधियाँ निःशुल्क वितरित की गईं।

आयुष विभाग के चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा औषधि वितरण के साथ-साथ रोगियों को औषधि सेवन की विधि, नियमितता, आहार-विहार एवं आवश्यक सावधानियों के संबंध में भी परामर्श प्रदान किया गया। इस समन्वित प्रयास के माध्यम से जिले में अब तक कुल 1545 सिकल सेल एनीमिया पॉजिटिव रोगियों को आयुर्वेदिक उपचार का लाभ प्रदान किया गया है।

कलेक्टर नेहा मीना ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, जिसके प्रभावी नियंत्रण एवं प्रबंधन के लिए बहुआयामी प्रयास आवश्यक हैं। एलोपैथिक उपचार के साथ आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेदिक एड-ऑन थैरेपी प्रदान किया जाना एक सराहनीय पहल है। इससे रोगियों की जीवन गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ उन्हें दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होगा। जिला प्रशासन का निरंतर प्रयास है कि प्रत्येक सिकल सेल प्रभावित व्यक्ति तक उपचार एवं परामर्श समय पर पहुँचे। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अधिक से अधिक पात्र रोगियों को इस योजना से जोड़ने के निर्देश भी दिए।

आयुष आधारित एड-ऑन थैरेपी से रोगियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, लक्षणों में कमी लाने एवं स्वास्थ्य स्तर में सुधार की दिशा में सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग द्वारा भविष्य में भी सिकल सेल एनीमिया नियंत्रण, उपचार एवं जनजागरूकता हेतु ऐसे जनहितकारी अभियान निरंतर संचालित किए जाएंगे।

## प्रभारी मंत्री श्रीमती गौर ने की कुबेरेश्वर धाम पर रूद्राक्ष महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा



**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कुबेरेश्वर धाम में आयोजित होने वाले रूद्राक्ष महोत्सव एवं शिवमहापुराण कथा के दृष्टिगत पिछड़ा वर्ग मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने समीक्षा बैठक आयोजित कर आयोजन की सभी व्यवस्थाओं की बिंदुवार समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आयोजन समिति को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कथा में लाखों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए सभी तैयारियां समयसीमा में पूर्ण की जाएं, ताकि आयोजन के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था, असुविधा अथवा सुरक्षा संबंधी समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि समिति प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य सुनिश्चित करे। प्रशासन, कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा तथा कुबेरेश्वर धाम समिति द्वारा प्रभारी मंत्री को आयोजन के लिए की गई तैयारियों के बारे में अवगत कराया गया।

बैठक में यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में जाम की समस्या न बने। पार्किंग स्थलों का स्पष्ट चिन्हांकन, अलग-अलग पार्किंग जोन निर्धारण, ऑटो स्टैंड व्यवस्था, स्टैंड तक सुगम ढलान निर्माण तथा वाहनों की सुव्यवस्थित आवाजाही सुनिश्चित की जाए। हाईवे एवं मुख्य मार्गों पर प्रभावी डायवर्जन प्लान लागू किया जाए तथा पर्याप्त संकेतक, फ्लेक्स व सूचना बोर्ड लगाए जाएं। उन्होंने अनाउंसमेंट सिस्टम सतत संचालित रखने तथा फायर ब्रिगेड, अग्निशमन उपकरण व आपातकालीन व्यवस्थाएं उपलब्ध रखने के निर्देश भी दिए।

पेयजल, स्वच्छता एवं विद्युत व्यवस्थाओं की समीक्षा में उन्होंने पर्याप्त स्वच्छ पेयजल, प्याऊ, टोंटीयुक्त नल कनेक्शन, जल टैंकर, अस्थायी व चलित शौचालय तथा नियमित सफाई हेतु शिफ्टवार ड्यूटी सुनिश्चित करने को कहा। सभी विद्युत कनेक्शन सुरक्षित हों, नो-मेन जोन का पालन किया जाए। उन्होंने नेटवर्क व्यवस्था, संचार प्रणाली एवं एलईडी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम प्रसारण व सूचना संप्रेषण सुचारू रखने के निर्देश दिए। साथ ही रुद्राक्ष वितरण पूर्णतः बंद रहने संबंधी स्पष्ट सूचना बोर्ड लगाने को कहा गया।

बैठक में भोजनशाला, कथा पंडाल, प्रवेश-निकास द्वार, पार्किंग, कंट्रोल रूम एवं चिकित्सा व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। उन्होंने पूर्णतः क्रियाशील कंट्रोल रूम, पर्याप्त एम्बुलेंस, प्रशिक्षित चिकित्सकीय स्टाफ, आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता तथा मिनी आईसीयू स्थापना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कानून-व्यवस्था, सुरक्षा एवं यातायात नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों को नियमित प्रगति समीक्षा कर सभी व्यवस्थाएं पूर्णतः दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धामय वातावरण प्राप्त हो सके। बैठक में आरएसएस प्रमुख श्री हेमंत सेठिया, विधायक श्री सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर ने आवश्यक सुझाव भी दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री बालगुरू के., एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव, एसडीएम श्री तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रेमसिंह गौड़, श्री समीर शुक्ला, श्री पंकज गुप्ता सहित अन्य अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## जिले की 11 पंजीकृत सहकारी संस्थाओं को आयुक्त सहकारिता ने जारी किया कारण बताओं सूचना पत्र

**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में पंजीकृत 11 सहकारी संस्थाओं को संयुक्त आयुक्त सहकारिता इन्दौर संभाग द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 18-ए/क (1) के अतंर्गत कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया है। पत्र में यह उल्लेखित किया गया है कि पदाधिकारियों एवं समस्त संबंधित पक्षकार सूचना पत्र का प्रतिउत्तर 12 फरवरी को दोपहर 12 बजे तक समक्ष में उपस्थित होकर दस्तावेजों के साथ अपना पक्ष समर्थन प्रस्तुत करें अन्यथा की दशा में नियमानुसार कार्यवाही कर संस्था के पंजीयन निरस्ती की कार्यवाही पूर्ण की जावेगी। इन संस्थाओं को जारी किया गया कारण बताओं सूचना पत्र सहायक आयुक्त सहकारिता श्री सुरेश सांवले से प्राप्त जानकारी अनुसार सदस्यों के हित संवर्धन के प्रति पूर्णतः उपेक्षावान होने से तथा संस्थाओं द्वारा संचालक मंडल की बैठको की सूचना नहीं देने, वार्षिक साधारण सभा का आयोजन नही करने, नियमानुसार निर्वाचन नही कराने के कारण जिले की मजदुर शिल्पी साख सहकारी संस्था मर्यादित औझर, सम्पूर्ण सहयोग साख सहकारी संस्था मर्यादित बड़वानी, विशाल साख सहकारी संस्था मर्यादित बड़वानी, सर्वांगीण नगर विकास साख सहकारी संस्था मर्यादित अंजड़, माँ वैष्णोदेवी साख सहकारी संस्था मर्यादित बड़वानी, बंकिम साख सहकारी संस्था मर्यादित बड़वानी, सरस्वती साख सहकारी संस्था मर्यादित बड़वानी, माँ कालका महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित सेंधवा, गंगेश्वर महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित सेंधवा, चौकी माता बीज उत्पाद सहकारी संस्था मर्यादित चौकी, माँ रेवा क्रय-विक्रय साख सहकारी संस्था मर्यादित बड़वानी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। उक्त संस्थाएं विगत कई वर्षो से अकार्यशील होकर संपरीक्षक द्वारा वित्तीय पत्रकों की पुनरावृत्ति कर सतत् रूप से ''द'' वर्गीकृत किये जाने से तथा संस्था प्रशासक/प्रभारी अधिकारियों को कोई रेकार्ड/अभिलेख उपलब्ध नही कराये, तथा संस्था जिस उद्देश्य/प्रयोजन से पंजीकृत की गई थी।

## लीड बैंक द्वारा बीएलबीसी बैठक का आयोजन विकासखंड मनावर में



**धार/दैनिक मालवा हेराल्ड।** लीड बैंक के तत्वावधान में जिला धार के विकासखंड मनावर में ब्लॉक लेवल बैंकर्स कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तहसील मनावर, सीईओ जनपद पंचायत मनावर, सीएमओ नगर परिषद मनावर, विभिन्न विभागों के विकासखंड एवं जिला स्तरीय अधिकारी तथा सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों ने सहभागिता की। बैठक का शुभारंभ अग्रणी जिला प्रबंधक धार श्री बलराम बैरागी द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ किया गया। तहसीलदार मनावर श्री विजय तलवारे ने आरआरसी वसूली पर विशेष जोर देते हुए निर्देशित किया कि आरआरसी नोटिस संबंधित ऋणियों तक समय पर पहुंचाए जाएं, जिससे वसूली प्रभावी रूप से की जा सके। बैठक में शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के अंतर्गत चालू वित्तीय वर्ष में विभिन्न पोर्टलों पर लंबित आवेदनों के शीघ्र निराकरण एवं निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति पर चर्चा की गई। विशेष रूप से पीएम स्वनिधि, पीएमएफएमई, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, उद्यम क्रांति योजना, टंट्या मामा योजना, भगवान बिरसा मुंडा योजना, डेयरी केसीसी एवं मत्स्य पालन केसीसी से संबंधित सभी पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। नाबार्ड की जिला विकास प्रबंधक श्रीमती सौदामिनी माईणकर ने कृषि अवसंरचना निधि योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए चालू वित्तीय वर्ष के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु बैंकों से सहयोग का अनुरोध किया।

# कन्या महाविद्यालय खरगोन में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ शुभारंभ




**खरगोन/ अंजु त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय ज्ञान परम्परा की समझ की लक्ष्य को द्वष्टिगत रखते हुए मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान में शासकीय कन्या महाविद्यालय खरगोन में आज से 2 दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। संगोष्ठी का शुभारम्भ कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल द्वारा किया गया। शोध संगोष्ठी के कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. आरके यादव ने की। इस दौरान उन्होंने भारतीय ज्ञान सम्परा को प्राचीन इतिहास से लेकर वर्तमान परिप्रेक्ष्य से जोड़ते हुए इसे आगे बढ़ाने का आह्वान किया। समन्वयक राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी डॉ. धमेन्द्र भालसे ने अतिथियां का परिचय प्रस्तुत किया एवं भारतीय ज्ञान परम्परा विभिन्न पहलूओं से अवगत कराया गया।

इस दौरान कलेक्टर सुश्री मित्तल ने नई पीढ़ी एवं महिलाओ की भुमिका को विशेष बल देते हुए छात्राओं को पढ़ने, आगे बढ़ने एवं अपने परम्परागत ज्ञान को सजोए रखने का आहवान किया। अपने भविष्य को सुरक्षित रखने की बात को स्वयं का उदाहरण देते हुए श्री हरिवंश राय बच्चन कि पंक्ति ''कोशिशा करने वालों कर कभी हार नहीं होती'' पर अपने बात पूर्ण की। कार्यक्रम से पूर्व कलेक्टर सुश्री मित्तल ने महाविद्यालय प्रांगण में पौधारोपण भी किया। संगोष्ठी में महाराष्ट के डॉ. सुधाकर जाधव अपने वक्तव्य में नवीन शिक्षा नीति की आवश्यकता और पुरानी शिक्षा नीति के समन्वय से भविष्य की ओर जाने एवं भारत की गौरवशाली परम्पराओं को योजनाबद्ध तरीके से एक सूत्र पिरोने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह केवल भारतीय ज्ञान परम्परा की प्रासंगिकता को ध्यान में रखकर ही किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सेवन्ती डावर द्वारा किया गया।

प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता एवं मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, महू के कुलगुरू डॉ. सुनील गोयल भारतीय ज्ञान परम्परा के लक्ष्य पर प्रकाश डाला एवं उसके उद्देश्य से छात्राओ को अवगत कराया। डॉ. राजाराम आर्य एवं डॉ. ए.जे.सोलंकी ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। सत्र का संचालन डॉ. ममता गोयल द्वारा किया गया। आज के सत्र में लगभग 50 शोधार्थियों ने पंजीयन कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य एवं छात्राए उपस्थित थी।

## 2026 की पहली नेशनल लोक अदालत के लिए ली बैठक



**खरगोन/ अंजु त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 14 मार्च, 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर के मार्गदर्शन में 06 फरवरी को ए.डी.आर. सेंटर जिला न्यायालय मंडलेश्वर में नगर परिषद्, विद्युत विभाग एवं बैंक के अधिकारियों से प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में चर्चा की गई। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री प्रीति जैन ने बैठक में उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों से नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण करने एवं समय सीमा में पक्षकारों को नोटिस तामील कर उनके प्रकरणों में मिलने वाली छूटों की जानकारी पक्षकारों को अवगत कराने की बात कही। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्रयास किये जाने का आश्वासन दिया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री चंद्रेश मंडलोई ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि नेशनल लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करे, जिसकी जानकारी आमजनता तक पहुंचे और अधिक से अधिक पक्षकार नेशनल लोक अदालत का लाभ ले सके।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# महाकाल मंदिर में कोटेश्वर महादेव के पूजन के साथ शुरु हुआ शिव नवरात्रि पर्व

## इस बार तिथि बढने़ के कारण 10 दिवसीय होगा पर्व, रोज महाकाल को चंदन और मां पार्वती को लगेगी हल्दी





**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महाकालेश्वर मंदिर में आज शुक्रवार से महाशिवरात्रि पर्व की शुरुआत कोटेश्वर महादेव के पूजन से हो गई। इस बार तिथि बढने़ के कारण यह पर्व 10 दिन मनेगा। इस दौरान प्रतिदिन दूल्हा बने भगवान महाकाल को चंदन और केसर तथा माता पार्वती को हल्दी लगाई जाएगी।

10 दिनों तक चलने वाले महाशिवरात्रि पर्व की शुरुआत आज सुबह महाकाल में कोटेश्वर महादेव के पूजन के साथ हो गई। शुक्रवार को पर्व के पहले दिन भगवान महाकाल और कोटेश्वर महादेव का विशेष अभिषेक और पूजन किया गया।

शिव नवरात्रि के पहले दिन सुबह कोटितीर्थ कुंड पर स्थित श्री कोटेश्वर महादेव का शिव पंचमी पूजन-अभिषेक हुआ। इसके बाद भगवान महाकालेश्वर का पूजन-अभिषेक शुरू हुआ। नवरात्रि काल में 11 ब्राह्मणों द्वारा एकादश एकादशनी रूद्राभिषेक पाठ किया जाएगा। दोपहर 3 बजे सांध्य पूजन के बाद भगवान महाकाल का विशेष श्रृंगार किया गया। उन्हें नए वस्त्र और आभूषण धारण कराए जाएंगे। पहले दिन शुक्रवार को भगवान को कटरा, मेखला, दुपट्टा, मुकुट, मुंडमाला और छत्र से सजाया गया। साथ ही हल्दी-चंदन का विशेष उपटन लगाया गया। यह क्रम 15 फरवरी तक 10 दिनों तक चलेगा। महाकाल मंदिर की पूजन परंपरा में फाल्गुन कृष्ण पंचमी से चतुर्दशी तक शिव विवाह का उत्सव मनाया जाएगा। उत्सव की इस श्रृंखला में भगवान की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। महाशिवरात्रि 15 फरवरी को मनेगी और 14 फरवरी की रात 2 बजकर 30 मीनट पर मंदिर के पट खोल दिए जाएंगे जो सतत 44 घंटे 16 फरवरी की रात 2 बजे तक खुल रहेंगे।

### इन रूपों में दर्शन देंगे महाकाल

6 फरवरी = दिव्य चंदन श्रृंगार
7 फरवरी = दिव्य श्रृंगार
8 फरवरी = शेषनाग श्रृंगार
9 फरवरी = घटाटोप श्रृंगार
10 फरवरी = छबीना श्रृंगार
11 फरवरी = होलकर श्रृंगार
12 फरवरी = मनमहेश श्रृंगार
13 फरवरी = उमा महेश श्रृंगार
14 फरवरी = शिवतांडव श्रृंगार
15 फरवरी = महाशिवरात्रि पर मध्य रात्रि उपरांत सप्तधान श्रृंगार

# शिव नवरात्रि में नौ दिनों तक बाबा महाकाल को अर्पित करेंगे 57 लाख का महाराज भोग



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महाशिवरात्रि महापर्व पर विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में श्री महाकालेश्वर भगवान को पुणे के डॉ सागर, डॉ साधना, पुत्र साराध्य, पुत्री साध्या, पुत्र चिरंजीव सात्विक कोलते परिवार द्वारा शिव नवरात्रि दरमियां नौ दिनों तक महाराज भोग का चढ़ावा और राजघराना उट्टन चांदी के थाल पात्र में भूषित करके अर्पित किया गया।

लगभग 32 लाख राशि का महाराज भोग, 18 लाख राशि का राजघराना उट्टन, 7 लाख राशि का चांदी का थाल, चांदी का पात्र, सुवर्ण वर्क यह सब करीब 57 लाख भोग की महाकाल को शिव नवरात्रि के 9 दिन तथा महाशिवरात्रि के प्रमुख दिन महाराज भोग तथा राजघराना उट्टन रजत पात्र थाल में अर्पित किया जाएगा। यह महाराज भोग कंपनी के प्रतिनिधि मुरली मनोहर जोशी तथा पंडित महेश पुजारी, पंडित गोपाल गुरु द्वारा श्री महाकालेश्वर जी के गर्भ ग्रह में अर्पित किया जाएगा।

कंपनी के प्रतिनिधि मुरली मनोहर जोशी ने बताया कि फाल्गुन कृष्ण पंचमी के प्रारंभ हुए महाशिवरात्रि महापर्व पर प्रथम दिन महाराज भोग में बाबा महाकाल जी को 125 किलोग्राम खजूर का भोग प्रथम लगाया गया। भोग पश्चात प्रसादी वितरित प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदू यादव, कार्यकारी अध्यक्ष विशाल हाडा, कमलेश जाटवा द्वारा की गई। दूसरे दिन आज 125 किलोग्राम जर्दालू भोग लगाया जाएगा। तीसरे दिन 125 किलोग्राम अखरोट का भोग लगाया जाएगा। चौथे दिन पुरंदरी अंजीर का 125 किलोग्राम का भोग लगाया जाएगा। पांचवें दिन 125 किलोग्राम किशमिश का भोग लगाया जाएगा। छठे दिन 125 किलोग्राम सांगली के कल बेदाना का भोग लगाया जाएगा। सातवें दिन 125 किलोग्राम पिस्ता का भोग लगाया जाएगा। आठवें दिन 126 किलोग्राम मामरा बादाम का भोग लगाया जाएगा। 90 दिन 125 किलोग्राम व 180 काजू का भोग लगाया जाएगा। चांदी के थाल में उच्चतम प्रति की हल्दी भी बाबा को दूल्हा स्वरूप लगाने हेतु अर्पित की जाएगी। हर दिन चांदी के तल में स्वर्ण वर्क जड़ित काजू आदि का 9 दिनों तक भोग लगाया जाएगा। वही शाम को सवा क्विंटल यानी 125 किलोग्राम महाराज भोग महाप्रसादी अर्पित की जाएगी। महाशिवरात्रि के 10 दिन के त्यौहार में 18 लाख राशि का राजघराना उट्टन, शुद्ध हीरक शुद्ध स्वर्ण भस्म, रजत भस्म, पुष्कराज भील आदी नवरत्न का भस्म चंदन तथा दुर्लभ दिव्य वनस्पति के सहयोग मिश्रित राजघराना उट्टन, रजत पात्र में चढ़ाया जाएगा।

# सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री सिंह ने सिंहस्थ 2028 के लिए बनाई जाने वाली पार्किंग के स्थलों का निरीक्षण किया



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सिंहस्थ मेला अधिकारी सह संभागायुक्त श्री आशीष सिंह ने कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के साथ शुक्रवार दोपहर निरीक्षण कर देवास-बदनावर फोर लेन मार्ग के नजदीक सिंहस्थ 2028 के लिए बनाई जाने वाली वाहन पार्किंग स्थलों का चिन्हांकन किया।

निरीक्षण के दौरान सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सिंहस्थ 2028 के लिए पार्किंग स्थलों की कार्ययोजना में विशेष ध्यान दे कि ट्राफिक अवरुद्ध न हो इसके लिए पार्किंग स्थलों को जोडने वाले मार्गों पर व्यवस्थित वाहन टर्निंग की सुविधा और सर्विस लेन का चौड़ीकरण किया जाए। पार्किंग से श्रद्धालुओं का निर्गम इस प्रकार हो कि मुख्य मार्ग पर ट्रैफिक अवरुद्ध न हो। पार्किंग में आधुनिक तकनीकों और एआई का उपयोग कर श्रद्धालुओं को पार्किंग की रीयल टाईम स्थिति से अवगत कराया जाए। पार्किंग स्थल से घाटों तक श्रद्धालुओं की सुगम पहुंच के लिए लोक परिवहन की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। लेवल-01 और लेवल-02 पार्किंग स्थलों का चिन्हांकन कर कार्ययोजना बनाए। सिंहस्थ 2028 के दौरान लेवल-01 पार्किंग सिंहस्थ मेला क्षेत्र में रहेगी। इसका उपयोग कम भीड़ वाले दिनों में किया जाएगा। लेवल-02 पार्किंग मेला क्षेत्र के 05 कि.मी. से अधिक परिधि में रहेंगी। इसका उपयोग भीड़ वाले दिनों में किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान यूडीए सीईओ श्री संदीप सोनी, नायब तहसीलदार श्री आलोक चौरे और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# लहसुन की फसल की आड़ में अवैध अफीम की खेती


## पुलिस ने खेत मे दबिश मारी, 1300 पौधे बरामद



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** खेत में लहसुन की फसल के बीच अफीम की खेती होने की जानकारी सामने आने पर पुलिस ने दबिश मारी। खेत से 1300 पौधे बरामद हो गए। किस को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ अवैध तरीके से मादक पदार्थ की खेती करने का प्रकरण दर्ज किया गया है।

माकड़ोन थाना पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम नांदेड निवासी रघुनाथ उर्फ रुगनाथ देवड़ा द्वारा नांदेडड्ढदेवली रोड स्थित खसरा क्रमांक 1458 के अपने खेत में लहसुन की फसल के बीच पाली पर किनारे-किनारे अवैध रूप से अफीम के पौधे उगाए गए हैं। सूचना पर थाना प्रभारी प्रदीप सिंह राजपूत में टीम के साथ खेत में दबिश गई। जहां लहसुन की फसल के बीच अफीम के पौधे लगे होना सामने आए। खेत मालिक रघुनाथ देवड़ा को हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई, उसने अफीम की खेती से जुड़े कोई दस्तावेज नहीं होना बताया। जिसके चलते रघुनाथ देवड़ा के खिलाफ अवैध तरीके से मादक पदार्थ के पौधों की खेती करने का मामला एनडीपीएस एक्ट की धारा में दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा खेत में लगेगा पौधों को उखाड़ा गया, जो 1300 के लगभग होना सामने आए। जिसका वजन 6 किलो 100 ग्राम कीमत 60 हजार था। थाना प्रभारी में बताया कि अवैध मादक पदार्थ अफीम के पौधे बरामद करने में आरक्षक कृष्णवल्लभ शर्मा, कुंदन सिंह, जितेन्द्र सिंह, प्रकाश मेहता, सैनिक अभिषेक सिंह, मांगीलाल, बहादुर सिंह एवं स्वतंत्र साक्षियों का विशेष सहयोग रहा। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। विदित हो कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पहले भी अवैध मादक पदार्थ की खेती होने के मामले सामने आ चुके है।

# शहर की सड़कों पर 600 से अधिक सीसीटीवी कैमरों से अपराधियों पर नजर रख रही पुलिस



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पिछले सिंहस्थ में शहर की सड़कों पर सुरक्षा और निगरानी करने के लिए 500 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। यह संख्या अब बढ़कर 600 से अधिक हो गई है। रेलवे स्टेशन पर भी 100 से ज्यादा कैमरे लग चुके हैं। इसका फायदा आम नागरिकों के अलावा पुलिस को भी मिल रहा है। अपराध की लगभग 80 प्रतिशत घटनाएं कैमरे में कैद हो रही हैं और ये पुलिस के लिए मुखबिर की तरह मददगार साबित हो रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि सिंहस्थ 2016 के बाद से उज्जैन पुलिस ने शहर के प्रमुख चौराहों और शहर में आने-जाने वाले रास्तों पर अपराधियों पर नजर रखने के लिए 600 से अधिक कैमरे लगाए हैं। वहीं सराफा, फ्रीगंज, लखेरवाड़ी और अन्य व्यापारिक क्षेत्रों में पुलिस ने व्यापारियों की मदद से कैमरों का जाल बिछाया है। लोगों को भी कैमरे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया है। इसका असर भी हुआ और अपराधों को सुलझाने में पुलिस को मदद भी मिल रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर में 600 से अधिक कैमरे विभिन्न स्थानों पर लगे हुए है। इधर पुलिस विभाग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि यही कैमरे अब पुलिस को हर घटना में काम आ रहे हैं या यूं कहें कि इससे ही पुलिस अपराध सुलझा रही है। लगभग अब हर घटना में पुलिस को फुटेज से मदद मिल रही है। वहीं स्मार्ट सिटी के तहत शहर के प्रमुख चौराहों पर कैमरे लगे हुए है। यहां तक कि नक्शा पास करवाने के लिए भी नियम बनाया जा रहा है, जिसमें कॉलोनाइजर या फिर मल्टीस्टोरी बनाने वालों को कैमरे लगाना अनिवार्य किया जा रहा है।

रेलवे स्टेशन परिसर भी सीसीटीवी की निगरानी में - शहर के विभिन्न मार्गों और प्रमुख 16 चौराहों के अलावा उज्जैन रेलवे स्टेशन पर भी सिंहस्थ 2016 में 72 नए सीसीटीवी कैमरे स्टेशन परिसर तथा सभी 8 प्लेटफार्म पर लगाए गए थे। आरपीएफ के अधिकारियों के अनुसार बाद में कैमरों की संख्या और बढ़ाई गई और अब यह लगभग 100 तक पहुंच गई है। जीआरपी तथा आपीएफ थाना पुलिस भी स्टेशन परिसर तथा ट्रेनों में होने वाले अपराध और चोरियों के मामलों में आरोपियों तक पहुंचने के लिए इन्हीं कैमरों की मदद ले रही है। यहां लगे सीसीटीवी कैमरों के द्वारा रेलवे पुलिस हर साल 70 से 80 प्रतिशत तक मामले हल करने में कामयाब हो रही है। जो घटनाएं इन कैमरों में कैद नहीं हो पाती उन घटनाओं के ज्यादातर मामले लंबित रहते हैं।

# सिंहस्थ से पहले सड़क चौड़ीकरण में सुस्ती, आयुक्त के सख्त तेवर

## निर्माण कार्य की कछुआ चाल पर नाराज हुए निगम आयुक्त, तीन दिन में बाधाएं हटाने के निर्देश

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए शहर की प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण का काम पिछले साल से चल रहा है, लेकिन निर्माण कार्य की रफ्तार बेहद धीमी है। हालात यह हैं कि धूल, गंदगी और जाम से जनता परेशान है और काम की चाल देख अधिकारी भी हैरान हैं।

इसी को लेकर नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बीते दिन कोयला फाटक से निजातपुरा तक चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया और अधिकारियों व निर्माण एजेंसी को दो-टूक चेतावनी दी।

नगर निगम आयुक्त ने साफ कहा कि अब किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्माण की गति तत्काल बढ़ाई जाए, ताकि आमजन को जल्द राहत मिल सके।

तीन दिन में हटें सड़क की जद में आने वाले मकान व बाधाएं - निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने पाया कि सड़क मार्ग में आने वाली कई बाधाएं अब भी जस की तस बनी हुई हैं।

इस पर उन्होंने भवन अधिकारी और इंजीनियरिंग टीम को निर्देश दिए कि सड़क की जद में आने वाले सभी स्थल, निर्माण और मकान तीन दिन के भीतर हर हाल में हटाए जाएं।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि तय समय सीमा में कार्रवाई नहीं होने पर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई तय है।

कंठाल चौराहे तक पहुंचे सड़क और नाली के काम- निरीक्षण में सामने आया कि फिलहाल इस मार्ग पर करीब 300 मीटर से अधिक सड़क निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है।

आयुक्त ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को तेजी से आगे बढ़ाते हुए कंठाल चौराहे तक सड़क और नाली का काम तय समय सीमा में पूरा किया जाए।

उन्होंने कहा कि सिंहस्थ जैसे बड़े आयोजन को देखते हुए यह मार्ग बेहद महत्वपूर्ण है और इसमें किसी भी तरह की देरी स्वीकार्य नहीं होगी।

केडी गेट क्षेत्र में बढ़ेंगे संसाधन, दिन-रात चलेगा काम- कोयला फाटक के बाद आयुक्त मिश्रा ने केडी गेट चौराहा से खजूर वाली मस्जिद तक चल रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया।

यहां सड़कों पर नाली का पानी बहता मिला और काम की रफ्तार भी काफी धीमी पाई गई। इस पर आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए संसाधनों की संख्या बढ़ाने और काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अब संसाधनों की कमी का बहाना नहीं चलेगा।

काम दिन-रात चलाकर समय पर पूरा करना होगा।

अधिकारियों और ठेकेदारों को स्पष्ट चेतावनी- निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त के साथ भवन अधिकारी राकेश वास्कले, सहायक यंत्री डीएस परिहार, निर्झर शुक्ला, उपयंत्री श्याम शर्मा सहित निर्माण एजेंसी के ठेकेदार मौजूद थे।

आयुक्त ने सभी को स्पष्ट चेतावनी दी कि तय समय सीमा में काम पूरा नहीं हुआ तो जिम्मेदारी तय की जाएगी।

इनका कहना है- निर्माण कार्यों में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। सिंहस्थ को देखते हुए समय सीमा में काम पूरा कराने की पूरी तैयारी की जा रही है। अब किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

— **अभिलाष मिश्रा, नगर निगम आयुक्त**

# शिवरात्रि से पहले अंगूर की बहार.. हिमाचल का सेवफल भी आ रहा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गर्मी का मौसम अभी शुरु नहीं हुआ है, लेकिन फल मंडी में गर्मी में राहत देने के लिए फलों की बहार मंडियों में शुरू हो चुकी है। मंडी में महाराष्ट्र का अंगूर आना शुरू हो गया है। हिमाचल से सेवफल भी आना आरंभ हो गया है। आने वाले दिनों में इनकी आवक और बढ़ेगी। गर्मी शुरू होने में अभी लगभग 1 महीने का समय है, लेकिन इसके पहले ही महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में अंगूर आने की शुरू आत हो चुकी हैं, गोल दाने का अंगूर 60 से 80रु ओर लंबा दाना 70 से 100 रुपए चला रहा है। वही काला अंगूर भी 80 से 120 प्रति किलो थोक में बिक रहा है। इस समय मंडी में तीन से चार गाड़ी में 1200 से 1500 कार्टून अंगूर के रोजाना मंडी में पहुंच रहे हैं। खेरची में उपभोक्ता को प्रति किलो 50 अधिक चुकाना पड़ रहे है। मौसमी फलों में संतरा और पंजाब का किन्नू, मोसंबी की आवक भी अगले महीने से शुरु हो जाएगी। हिमाचल के सेवफल फसल की बाहर अभी चल रही है। वहीं गर्मियों में उज्जैन की मंडी में ईरान से सेवफल भी आने लगेगा। मंडी में इन दिनों 100 से 150 रुपए किलो सेवफल चल रहा है। गुजरात और बेंगलुरु से नारियल पानी आ रहा है जिसके दाम 20से 30 रुपए प्रति नग आ रहे है।

# बाइक पर सवार के पास मिली हजारों की अवैध शराब

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बाइक से अवैध शराब लेकर आ रहे युवक की सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की। बायपास से मार्ग से उसे पकड़ा गया। 40 हजार की शराब बरामद होने पर आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया है। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि देर रात बिना नंबर की बाइक पर सवार युवक के पास अवैध शराब होने की सूचना और उज्जैन की ओर आने की जानकारी मिलने पर घेराबंदी शुरू की गई थी। देवास बदनावर बायपास मार्ग पर सोसाइटी के समीप बाइक सवार युवक झोले लेकर आता दिखाई। जिसका पीछा कर उसे रोका गया और झोलों की तलाशी ली गई। जिसमें 150 क्वार्टर देसी शराब के साथ 36 बोतल अंग्रेजी शराब की बरामद हो गई। युवक को हिरासत में लिया गया और बाइक जप्त कर थाने लाया गया जहां पूछताछ में उसका नाम हर्ष पिता हेमंत गहलोत निवासी देसाई नगर होना सामने आया। पुलिस के अनुसार बरामद शराब की कीमत 40 हजार सामने आई है। शराब इंदौर के रास्ते उज्जैन लाना सामने आया है। अवैध शराब परिवहन करने वाले के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया है। न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड लिया जाएगा।

# पांच के नोट का फोटो भेजकर किसान से की गई धोखाधड़ी




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पांच के नोटों का फोटो वाट्सएप पर भेज जालसालों द्वारा धोखाधड़ी की जा रही है। जिसका शिकार खेतीबाड़ी करने वाला किसान हो गया। जालसाजों ने 19 लाख का इनाम देने का झांसा देकर खाते से 1.65 लाख उड़ा दिये गये। पुलिस ने ऑनलाइन हुई शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है।

इंगोरिया के दंगवाड़ा में रहने वाला भैरूलाल पिता रामलाल गवली 35 साल खेतीबाडी का काम करता है। कुछ दिन पहले उसके वाट्सएप नम्बर 9691675156 पर दो अलग-अलग मोबाइल नम्बर 7667061077 और 6378091683 से पांच के नोट का फोटो भेजा गया। नोट भेजने वालों ने बताया कि ऐसा नोट आपके पास हो तो हमें फोटो भेजे। हमारे नोट से मिलान हुआ तो 19 लाख मिलेगें। भैरूलाल के पास उस तरह का मिलता-जुलता नोट था, उसने वाट्सएप पर फोटो भेज दिया। कुछ देर बाद कॉल आया और बताया कि आपका नोट सही है, हमारे नोट से मिलता है। आपको 19 लाख की इनामी राशि मिलेगी। पहले आप हमारे नम्बर पर 8199 रूपये भेजों उसके बाद आपके खाते में 19 लाख ट्रांसफर किये जायेगें। चार दिनों तक भैरूलाल और जालसाजों के बीच इनामी राशि की चर्चा चलती रही। लालच में भैरूलाल ने जालसलों द्वारा मांगी गई राशि भेज दी। उसके बाद खाते से 1.65 लाख का ट्रांजेक्शन हो गया। अपने खाते से ऑनलाइन राशि का ट्रांजेक्शन होने पर धोखाधड़ी का आभास होते ही भैरूलाल ने सायबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। जहां से वेब पोर्टल के माध्यम से पुलिस तक पहुंची। इंगोरिया पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) का प्रकरण दर्ज किया है।

# इस गर्मी उज्जैन को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय स्वीमिंग पूल

## कोठी रोड पर बन रहा तरणताल लगभग तैयार, फरवरी अंत तक पूरा होगा दर्शक दीर्घा का काम



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहरवासियों के लिए राहत भरी खबर है। कोठी रोड पर बन रहा अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्वीमिंग पूल अब लगभग बनकर तैयार हो चुका है। केवल दर्शक दीर्घा का काम शेष है, जिसे फरवरी के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद इसी गर्मी से उज्जैनवासी नए तरणताल में तैराकी का आनंद ले सकेंगे।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार पूल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। उद्घाटन की तैयारियां भी जल्द शुरू की जाएंगी। महापौर ने संकेत दिए हैं कि इस साल गर्मी में ही आमजन के लिए पूल खोल दिया जाएगा।

1969 में बना पुराना तरणताल हुआ था बंद- कोठी रोड पर जहां नया स्वीमिंग पूल बन रहा है, वहीं वर्ष 1969 में शहर का पुराना तरणताल बनाया गया था। करीब पांच वर्ष पहले नगर निगम ने उसे बंद कर दिया था।

बंद करने की प्रमुख वजहें - पुराने स्विमिंग पूल के मेंटेनेंस पर अत्यधिक खर्च,पानी साफ न रह पाना तथा तैराकों की सुरक्षा को लेकर खतरा बढ़ गया था।

पुराना ढांचा जर्जर हो चुका था, इसलिए नए सिरे से आधुनिक और सुरक्षित स्वीमिंग पूल बनाने का निर्णय लिया गया।

जगह बढ़ाकर बनाया गया अंतरराष्ट्रीय मानकों का पूल - पहले स्थान की कमी के कारण पूल का साइज 21म50 मीटर तय किया गया था। बाद में बालोद्यान की कुछ जमीन शामिल कर इसे बढ़ाकर 25म50 मीटर कर दिया गया, जिससे यह अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरा उतर सके। हालांकि 2025 की गर्मियों में इसे शुरू करने की योजना थी, लेकिन निर्माण कार्य में देरी के चलते अब इसे 2026 की गर्मी में शुरू किया जाएगा।

### ऐसा है नया स्वीमिंग पूल

मुख्य स्वीमिंग पूल...
लंबाई= 50 मीटर
चौड़ाई= 25 मीटर
गहराई= 4.50 फीट से 6.50 फीट
वॉर्मअप पूल...
लंबाई= 12 फीट
चौड़ाई= 6 फीट
गहराई= 3 फीट से 4.50 फीट

### लेडिज-जेंट्स के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूम

स्वीमिंग पूल परिसर में महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूम बनाए गए हैं।

इसके साथ ही ओपन शॉवर एरिया, नल और आधुनिक एसेसरीज के अलावा

तैराकी से पहले और बाद में शॉवर की सुविधा रहेगी।

सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।

तैराकों को मिलेगा प्राकृतिक माहौल...

तैराकों को बेहतर और सुकून भरा माहौल देने के लिए पूल की अंदरुनी दीवारों पर आकर्षक चित्रकारी की गई है।

वहीं वॉर्मअप पूल के पास बने फिल्टर प्लांट रूम में सभी तकनीकी कनेक्शन भी पूरे हो चुके हैं।

### दर्शक दीर्घा का काम अंतिम चरण में

पूल की बिल्डिंग की छत पर दर्शक दीर्घा बनाई जा रही है। यहां केनोपी लगाई जाएगी और दर्शकों के बैठने के लिए सीटें लगेंगी।सीटों का रंग नीला और ऑरेंज रहेगा। सीटों का सामान आ चुका है। केनोपी का काम पूरा होते ही इन्हें स्थापित कर दिया जाएगा।

### टाइल्स नहीं, पत्थर के कोबल से होगी फ्लोरिंग

स्वीमिंग पूल के बाहर फ्लोरिंग के लिए अलग से टेंडर निकाला गया था।

यहां टाइल्स की जगह पत्थर से बने कोबल लगाए जा रहे हैं। इससे फिसलन कम होगी। परिसर ज्यादा मजबूत और सुरक्षित बनेगा। यह काम भी इसी माह पूरा कर लिया जाएगा।

# दिनदहाड़े सुने मकान में चोरी की वारदात

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्राम डेलची में दिन दहाड़े बदमाशों ने मकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। बदमाश आभूषण के साथ नगदी चुराकर ले गए हैं। पुलिस ने मामले में शिकायती आवेदन लेकर जांच का आश्वासन दिया। माकड़ोन के ग्राम डेलची में रहने वाला युनुस पिता शकूर खां प्राइवेट बस पर क्लीनर का काम करता है। उसकी कोई संतान नहीं है, पत्नी भी मजदूरी पर जाती है। सुबह 7 बजे वह अपने काम पर चला गया था। पत्नी रजिया बी भी मजदूरी पर गई थी जो शाम 5 बजे घर लौटी तो मकान का ताला टूटा देखा। अंदर अलमारी खुली पड़ी थी और सामान बिखरा था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। इस दौरान सामने आया कि बदमाशों ने अलमारी में रखी सोने चेन, कान के टॉप्स, सोने के झूले, मंगलसूत्र और चांदी की चेन व पट्टी सहित नगद रखे रुपए चोरी किए हैं। बदमाशों ने एक से डेढ़ लाख का सामान चोरी किया है। पुलिस ने जांच के बाद मामले में शिकायती आवेदन लेकर बदमाशों की तलाश का आश्वासन दिया है। बताया जा रहा है कि माकड़ोन में हुई वारदात के साथ ही बदमाशों ने तराना तहसील के ग्राम सालाखेड़ी और उसके समीप भी कुछ मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। तराना पुलिस ने भी शिकायती आवेदन पर मामले की जांच शुरू की है।